दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 284
कोटद्वार मंगलवार
21 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## उत्तराखंड का हर गांव सड़क से जुड़ रहा, बढ़ रहे रोजगार के अवसर : मोदी

**देहरादून।** उत्तराखंड रोजगार मेले के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आज जैसे जैसे उत्तराखंड के दूर सुदूर के इलाके रोड, रेल और इंटरनेट से जुड़ रहे हैं, वैसे वैसे पर्यटन का भी विस्तार हो रहा है। नए पर्यटन स्थल पर्यटन के मानचित्र पर आ रहे हैं। इससे उत्तराखंड के युवाओं को वहीं पर रोजगार मिल रहे हैं जिसके लिए वो पहले बड़े शहरों का रुख करते थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा आज उत्तराखंड में इंफ्रास्ट्रक्चर पर इतना निवेश हो रहा है, कि दूर-सुदूर तक आना-जाना तो आसान हो ही रहा है, रोजगार के भी नए अवसर पैदा हो रहे हैं। बीते कुछ महीनों में केंद्र सरकार ने देश के लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं। हमें उस पुरानी धारणा को बदलना है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती इसलिए केंद्र सरकार का निरंतर यह प्रयास रहा है कि पहाड़ में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर बनाए जाएं।

वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए उत्तराखंड के रोजगार मेले में पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में इस संकल्प को जमीन पर उतारने का दायित्व आप जैसे मेरे युवा साथियों के कंधों पर है। केंद्र सरकार हो या उत्तराखंड की भाजपा सरकार हो हमारा यह निरंतर प्रयास है कि हर युवा को उसकी रुचि, योग्यता के अनुसार नए अवसर मिलें। सभी को आगे बढ़ने का उचित माध्यम मिले।

अपने सेवा भाव से आपको राज्य और राष्ट्र में विकास और विश्वास के प्रयासों में अपना भरपूर योगदान देना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत के युवाओं को नई सदी के लिए तैयार करने का संकल्प आज देश ने लिया हैरू

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा हमें उस पुरानी धारणा को बदलना है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती। प्रधानमंत्री ने पर्वतीय क्षेत्रों में नये रोजगार और स्व-रोजगार अवसरों के सृजन को रेखांकित करते हुये कहा, केंद्र सरकार का यह सतत प्रयास है कि उत्तराखंड के युवा अपने गांव वापस आ सकें। उत्तराखंड में अवसंरचना विकास में होने वाले निवेश पर प्रकाश डालते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सड़कों का निर्माण और रेल लाइनों के बिछाने से न केवल कनेक्टिविटी बढ़ रही है, बल्कि रोजगार के अनेक अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर जगह रोजगार के अवसर बढ़ाये जा रहे हैं। उन्होंने इस सिलसिले में निर्माण कामगारों, इंजीनियरों, कच्चे माल के उद्योगों और




दुकानों का उदाहरण दिया। उन्होंने यह भी कहा कि परिवहन क्षेत्र में बढ़ती मांग के कारण नये अवसर पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों के युवाओं को रोजगार के लिये बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन आज, हजारों युवा सामान्य सेवा केंद्रों में काम कर रहे तथा गांवों में इंटरनेट व डिजिटल सेवायें उपलब्ध करा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि उत्तराखंड में पर्यटन सेक्टर बढ़ रहा है, क्योंकि सुदूर क्षेत्रों को सड़क, रेल और इंटरनेट से जोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन मानचित्र में नये पर्यटन स्थल सामने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके कारण उत्तराखंड के युवाओं को अब बड़े शहर जाने की बजाय उन्हें उनके घर के समीप ही रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि पर्यटन सेक्टर में रोजगार व स्व-रोजगार अवसरों के बढ़ने में मुद्रा योजना महवपूर्ण भूमिका निभा रही है। दुकानों, ढाबों, अतिथिगृहों और होमस्टे का उदाहरण देते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कारोबारों के लिये बिना किसी जमानत के 10 लाख रुपये तक ा ण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, देशभर में अब तक 38 करोड़ मुद्रा ा ण दिये जा चुके हैंय लगभग आठ करोड़ युवा पहली बार उद्यमी बने हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं और अजाध्अजजाध्ओबीसी वर्ग के युवाओं का हिस्सा इसमें अधिकतम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के युवाओं के लिये अद्भुत संभावनाओं का 'अमृत काल' है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी सेवाओं के जरिये भारत के विकास को गति दें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं शिक्षा मंत्री ड. धन सिंह रावत द्वारा मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 05 विषयों के चयनित सहायक अध्यापकों (एलटी) को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 1431 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। मुख्य सेवक सदन में 150 सहायक अध्यापकों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेरणादाई संबोधन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री जी का देवभूमि उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव है। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी चयनित सहायक अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में राज्य में बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिये जाने के लिए एक अभिनव प्रयास के रूप में इस रोजगार मेले की शुरूआत की जा रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाए जाएं और उनके सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी द्वारा प्रत्येक 15 दिन में समीक्षा की जा रही है। पूर्व में जिन भर्तियों में अनियमिताएं पाई गई हैं, उन पर भी पूरी ईमानदारी के साथ कार्रवाई कर रही है, इसी का नतीजा है कि आज नकल माफिया और उसे समर्थन देने वाले या आगे बढ़ाने वाले लोग बहुत परेशान हैं,क्योंकि उन्हें अब दिन में भी स्वयं के जेल जाने के सपने दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नौजवानों के हितों की किसी भी रूप में अनदेखी नहीं होने दी जाएगी और जो भी दोषी होगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने भर्ती परीक्षाओं के लिये प्रदेश में कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया है। उन्होंने कहा कि कुछ कुत्सित मानसिकता के लोग अभी भी अनाप-शनाप आरोप लगाकर सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोग सरकार पर आरोप लगा रहे हैं, जिनको नौकरी और रोजगार के बीच फर्क नहीं पता, वे उपदेश दे रहे हैं। राज्य में नए-नए नैरेटिव गढ़ने के लिए आधी-अधूरी चीजों को पकड़ कर झूठ फैलाने के साथ-साथ युवाओं को भटकाने की कोशिश की जा रही है।

### राज्य में मुख्यमंत्री उत्थान योजना एवं ज्ञानकोष योजना शुरू की जायेगी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर घोषणा की कि राज्य में मुख्यमंत्री उत्थान योजना एवं ज्ञानकोष योजना शुरू की जायेगी। राज्य में छात्रों को आई.ए.एस, आई.पी.एस, पी.सी.एस, एन.डी.ए, सी.डी.एस, मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री उत्थान योजना आरंभ की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत ऐसे सभी छात्रों को जो अपनी आर्थिक स्थिति के कारण इन परीक्षाओं की कोचिंग नहीं कर पाते हैं, को निशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान की जाएगी तथा छात्रों को अनलाइन स्टडी मटेरियल, अफलाइन कक्षाएं, परीक्षा से सम्बन्धित पाठ्यक्रम, प्रश्नबैंक आदि सुविधाए उपलब्ध करायी जायेंगी। ज्ञानकोष योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा विभागीय छात्रावास, आश्रम पद्धति विद्यालयों और विभागीय प्रतिष्ठानों का उपयोग करते हुए प्रत्येक जिले में समृद्ध पुस्तकालय स्थापित किये जायेंगे। इन पुस्तकालयों का उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा, छात्र, हमारे शिक्षक एवं समुदाय के सदस्य कर सकेंगे। पुस्तकालयों में योग्य अनुभवी और प्रोफेशन व्याख्याताओं को सूचीबद्ध करते हुए एक सम्पर्क केन्द्र बनाया जायेगा जो प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बन्धित विषयगत समस्या को दूर करेंगे।

### बेरोजगारों को मिले न्याय, भर्ती घोटालों की हो सीबीआई जांच

**देहरादून।** सीपीएम समेत विभिन्न संघठनों ने सोमवार को बेरोजगारों को न्याय देने की मांग को लेकर दीनदयाल उपाध्याय पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक कूच किया। इस दौरान सभी ने भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग की। साथ ही बेरोजगारों पर लाठीचार्ज के विरोध में सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सीपीएम के सचिव अनंत आकाश, निर्मला बिष्ट, सुरेंद्र अग्रवाल, ड उमा भट्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

### उद्धव गुट को एक और बड़ा झटका, विधानमंडल में पार्टी कार्यालय पर शिंदे गुट ने किया कब्जा

**मुंबई , एजेंसी।** असली शिवसेना घोषित किए जाने और श्धनुष-बाण का चुनाव चिन्ह दिए जाने के चार दिन बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के नेता महाराष्ट्र विधानमंडल में पार्टी कार्यालय पहुंचे। मुख्य सचेतक भरत गोगावाले के नेतृत्व में विधायक अगले सप्ताह यहां शुरू हो रहे आगामी बजट सत्र से पहले एक विशेष बैठक के लिए शिवसेना कार्यालय परिसर में पहुंचे।

शिंदे समूह के विधायकों ने स्पीकर राहुल नार्वेकर से मुलाकात की और इस मामले में संचार का आदान-प्रदान किया था, और कार्यालय के आवंटन की मांग की थी।पार्टी की नजर नागपुर विधान भवन में पार्टी कार्यालय, मुंबई में पार्टी मुख्यालय शिवालय, बाकी हिस्सों में 200 से अधिक श्शाखाएं, विभिन्न निकायों में शिवसेना कार्यालय और पिछले 56 वर्षों में पार्टी द्वारा स्थापित अन्य संपत्तियों पर भी है।

हालांकि, वर्तमान संकेतों के अनुसार, शिंदे समूह दादर में प्रतिष्ठित शिवसेना भवन की लालसा नहीं कर सकता, जो कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नियंत्रण में है।

### दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों की सलाह से खुले जंगल में छोड़े जाएंगे चीते

**भोपाल, एजेंसी ।** दक्षिण अफ्रीकी देश नामीबिया से सितम्बर 2022 में लाकर कूनो नेशनल पार्क में बाए गए आठ चीतों के बाद अब दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाकर क्वारंटाइन बाड़े में छोड़े गए हैं। इधर, नामीबिया से पूर्व में लाए गए चीतों को दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञों की सलाह पर खुले जंगल में छोड़े जाने की तैयारी है। भारत में चीतों को बसाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि इससे वन्यजीव विविधता को बढ़ावा मिला है। पीएम ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह के ट्वीट को टैग करते हुए कहा कि 12 और चीते मप्र पहुंचने से भारत की वन्यजीव विविधता को बढ़ावा मिला है।

बता दें कि चीता परियोजना के तहत नामीबिया से पहली बार आठ चीते लाए गए थे। जिन्हें कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटाइन बाड़े में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं छोड़ा था। इन चीतों को बाड़े में छोड़ा जा चुका है। अब इनमें से तीन चीतों को खुले जंगल में छोउने की तैयारी है। पिछले दिनों मादा चीता सासा के बीमार होने के कारण प्रक्रिया रोक दी गई थी। यदि वे तैयार हुए तो फिलहाल एक चीते को फरवरी अंत तक खुले जंगल में छोड़ा जा सकता है। इनकी जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से मानीटरिंग की जाएगी। नामीबिया के विशेषज्ञ वहां के जंगल से पकड़कर लाए गए चीतों को जंगल में छोडने के लिए पूरी तरह से फिट बता रहे हैं।

### सीएम धामी ने केंद्र से मांगी प्रदेश की चार नदियों में 10 साल के लिए खनन की अनुमति

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार से प्रदेश की चार नदियों गौला, शारदा, दाबका और कोसी में खनन के लिए अगले दस वर्ष तक के लिए अनुमति मांगी है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कुमाऊं में स्थित इन चार नदियों में केंद्र की ओर से 28 फरवरी 2023 तक वन स्वीति प्रदान की गई हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से वन स्वीतियों को इस सत्र के अंत तक (31 मई, 2023) बढ़ाए जाने का अनुरोध किया। इसके साथ ही वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत इन स्वीतियों को नवीनीत करते हुए अगले दस वर्षों तक के लिए विस्तार दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय नदियों में मानसून के दौरान जमा उपखनिज (आरबीएम) को बाढ़ नियंत्रण एवं नदी किनारों पर स्थित वन एवं षि भूमि की सुरक्षा के लिए तटबंध बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन के तमाम कामों को कराने के लिए भी आरबीएम की जरूरत पड़ती है। नदी तल के ऊपर उठने से भी कई तरह की दिक्कतें पेश आती हैं, इसलिए इन नदियों से उपखनिजों का चुगान जरूरी है। उन्होंने कहा कि आम जनता व विशेष रूप से किसानों के नदी तटीय अधिकारों के संरक्षण के लिए भी नदियों से आरबीएम हटाया जाना आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नदियों से आरबीएम की उपलब्धता सिविल निर्माण कार्यों, धार्मिक व सामरिक रूप से आवश्यक सड़क और रेल नेटवर्क का विस्तार जैसे अति महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बेहद जरूरी है।

## सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी



**हरिद्वार।** सोमवती अमावस्या पर अलग-अलग राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी पहुंचकर गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की ओर से चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। सोमवार सुबह सूर्योदय से पहले ही हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया। सोमवती स्नान को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी की हुई थी। हरिद्वार को पांच सुपर जोन, 39 सेक्टरों में विभाजित कर हरिद्वार में भारी वाहनों का प्रवेश पर रोक लगा रखी थी। पुलिस-प्रशासन की ओर से चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत अन्य घाटों सुभाष घाट, बिरला घाट, वीआईपी घाट, गणेश घाट, सर्वानंद घाट आदि घाटों पर गंगा मैया की जय के उद्घोष के साथ आस्था की डुबकी लगाई। पूजा-अर्चना कर दान कर पुण्य अर्जित किया। हरकी पैड़ी घाट पर स्नान करने पहुंचे लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के चलते बाजार में भी रौनक देखने को मिली।

### बारह वर्ष से कम आयु के बच्चे नहीं जा सकेंगे हज

**रुड़की।** हज यात्रा पर 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के आवेदन को अनुमति नहीं दी जाएगी। उत्तराखंड हज कमेटी के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद मीसम ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि हज कमेटी अफ इंडिया मुंबई की ओर से जानकारी दी गई है कि सऊदी अरब सरकार ने फैसला लिया है कि हज यात्रा 2023 में 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को हज पर जाने के लिए आवेदन की अनुमति नहीं हैं। जिनकी आयु 30 अप्रैल 2023 तक 12 वर्ष से कम है ऐसे बच्चों का हज के लिए आवेदन न लिया जाए। सऊदी अरब सरकार ने 12 वर्ष के बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया है। ऐसे बच्चों का हज आवेदन हज कमेटी अफ इंडिया मुंबई द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा।

## पटाखा फैक्टरी में आग, धमाकों की आवाज से गूंजा रुड़की, दो नाबालिग समेत चार की मौत

**रुड़की ।** उत्तराखंड के रुड़की में सोमवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका होने से लगी आग में दो नाबालिग समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं, पटाखा कारोबारी का भतीजा भी मामूली रूप से झुलसा है।



उधर, हादसे के बाद पटाखा कारोबारी की भी हालत बिगड़ गई। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। भीषण आग लगने से आस-पास के लोग भी दहशत में आ गए।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित मेन बाजार में पंचायती राज धर्मशाला के पास करीब छह फीट संकरी गली में कारोबारी आलोक जिंदल निवासी मोहल्ला कानून गोयान का पतंग, मांझा और होली के रंगों का गोदाम है।

बताया जा रहा है कि गोदाम के पीटे तीन दुकानों में अवैध रूप से पटाखा बनाने की फैक्टरी संचालित हो रही थी। जिसमें सोमवार को छह कर्मचारी शटर डालकर पटाखा बनाने और पैकिंग करने का काम कर रहे थे। सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पटाखा बनाते समय अचानक फैक्टरी में तेज धमाका हुआ। तेज धमाके के साथ आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी।

फैक्टरी से धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग दहशत में आ गए और गली की तरफ दौड़ पड़े। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम रुड़की व भगवानपुर फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने अंदर घुसने का प्रयास किया, लेकिन तेज धमाकों के साथ आग की लपटें निकलने से अंदर नहीं घुस पाई।

इसके बाद टीम ने पानी की बौछार करके आग पर काबू पाने का प्रयास किया, जबकि पुलिस और स्थानीय लोगों ने फैक्टरी के पीटे की दीवार तोड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दीवार के रास्ते और आगे से शटर खोलकर पांच कर्मचारियों को बाहर निकाला। जिनमें दो नाबालिग समेत तीन की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। जबकि दो को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया।

मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने मलबे की जांच की। जांच के दौरान एक और व्यक्ति का जला हुआ शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही एसएसपी अजय सिंह, एसपी देहात एसके सिंह, सीओ रुड़की पल्लवी त्यागी, सीओ मंगलौर पंकज गैरोला भी मौके पर पहुंचे।

एसएसपी ने बताया कि मृतकों की पहचान अरमान (16) पुत्र रफीक अहमद निवासी इमली रोड, अदनान (15) पुत्र सगीर अहमद निवासी मच्छी मोहल्ला, नौशाद उर्फ गूंगा (52) और सद्दाम (28) निवासी बढ़ेड़ी राजपुतान थाना बहादराबाद की मौत हो गई है।

नौशाद शादी में पटाखे छोड़ने का काम करता है जबकि सद्दाम छोटे भाई की शादी के लिए नौशाद के साथ पटाखे खरीदने आया था। वहीं सूरज (23) पुत्र राजकुमार निवासी रामनगर और नीरज (22) निवासी ढंडेरा, रुड़की गंभीर रूप से झुलस गए हैं। धमाका किन कारणों से हुआ है, इसकी जांच की जा रही है।

### प्रदेश के 270 विद्यालय पीएमश्री योजना में किये गये चयनित: शिक्षा मंत्री

**देहरादून।** प्रदेशभर के 270 विद्यालयों को पीएमश्री योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है। जिनमें अवस्थापना कार्यों से लेकर पुस्तकालय, फर्नीचर, स्मार्ट क्लास सहित तमान सुविधाओं एवं पठन-पाठन के लिये 15 करोड़ से 2 करोड तक की धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जायेगी। ड0 रावत ने कहा कि कक्षा-6 से 12 तक के ऐसे छात्र-छात्राओं को जो 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें 600 से लेकर 3000 रूपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इसके लिये शीघ्र ही मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना शुरू की जायेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 17 लाख छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, नोट बुक, स्कूली ड्रेस, स्कूल बैग व जूते उपलब्ध करा रही है।

## फरवरी में नहीं चलता पंखा, गर्मी से परेशान यात्रियों ने की दरख्वास्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। दिल्ली में धीरे-धीरे पारा भी चढ़ने लगा है। ऐसे में ट्रेन के मुसाफिर रात के वक्त एसी कोच में कूलिंग प्वाइंट कम करने की मांग करने लगे हैं। वहीं, स्टेशन के प्लेटफार्म पर पंखा चलाने की मांग भी बढ़ने लगी है। लेकिन रेलवे अपने नियम से मजबूर है। रेलवे का नियम यह है कि 15 मार्च के बाद ही प्लेटफार्म पर पंखा चलाने की अनुमति है।



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर गर्मी से राहत देने वाले सभी पंखे इन दिनों बंद हैं। जबकि दिल्ली में गर्मी दस्तक देने लगी है। ऐसे में सोमवार को कई युवा यात्री स्टेशन प्रबंधक से पंखा चलाने की मांग करने लगे। इसकी शिकायत भी की लेकिन उन्हें यह समझाया गया कि रेलवे का नियम यह कहता है कि फरवरी में पंखे नहीं चलते हैं। यात्री ने सोशल मीडिया पर भी एक वीडियो सांझा किया है जिसमें कहा है कि नई दिल्ली स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गर्मी से यात्रियों का बुरा हाल है एक भी पंखा नहीं चल रहा है।स्टेशन डायरेक्टर से जब शिकायत की गई तो रूखा जवाब मिला।

कहा कि रेलवे बोर्ड का नियम है कि फरवरी में पंखे नहीं चलते, जाकर बोर्ड से पूछो ऐसे नियम क्यों बनाया है। हालांकि रेलवे का तर्क है कि सभी यात्री पंखा चलाने की मांग नहीं कर रहे है। कुछ यात्रियों की मांग पर चलाया भी जाए तो अन्य यात्री एतराज करेंगे।

### बागेश्वर में भूकंप के झटके, कम रही क्षमता

**देहरादून।** बागेश्वर में सुबह चार बजकर 49 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 25 मापी गई। भूकंप के झटके की तीव्रता काफी कम थी। किसी भी जनहानि की सूचना नहीं है। कुछ ही लोगों ने भूकंप के इन झटकों को महसूस किया। उत्तराखंड में इससे पहले भी दस फरवरी को रुद्रप्रयाग में भूकंप आया था। उसकी तीव्रता भी 25 थी। वहीं एक फरवरी को पिथौरागढ़ में 2.1 व 38 व देहरादून में 28 तीव्रता का भूकंप आ चुका है।

# कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार का फूंका पुतला



नई टिहरी : प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में निरंतर हो रहे घपलों और अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर नई टिहरी हनुमान चौक पर कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जुलूस-प्रदर्शन करने के बाद पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं की लगातार उपेक्षा कर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। नई टिहरी जिला मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने भर्ती घपलों और अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि सीबीआई जांच न करवाने से भाजपा सरकार की मंशा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। घपलेबाजों व अंकिता के हत्यारों को बचाने का काम भाजपा कर रही है। अगर भाजपा सरकार में सब कुछ सही हो रहा है, तो धामी सरकार को सीबीआई जांच से क्यों ऐतराज है। भर्ती घपलों में भाजपा के लोग पकड़े गये हैं। अंकिता हत्याकांड में भाजपा से जुड़े लोगों के पाये गये हैं। ऐसे में भाजपा सरकार से ठोस कार्यवाही की उम्मीद नहीं की जा सकती है। जिसका परिणाम है कि भर्ती परीक्षा में घपलों पर घपले सामने आ रहे हैं। लेकिन भाजपा सरकार की ठोस कार्यवाही के दावों के बाद भी घपले नहीं रूके। इसी तरह अंकिता हत्याकांड को लेकर भी कार्यवाही सिफर है। युवाओं को लेकर प्रदेश सरकार का यह रवैया चिंतनीय है। इसलिए सीबीआई जांच जरूरी है। प्रदेश सरकार अगर सही तो मामलों की सीबीआई जांच करवाये। इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल, पूर्व प्रमुख सोबन सिंह नेगी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख नरेंद्र चंद रमोला, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस सूरज, साब सिंह सजवाण, प्रदेश सचिव मुर्शरफ अली, ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह रौतेला, हिमांशु रावत, निहाल नेगी, शक्ति प्रसाद जोशी, लखवीर, वीर सिंह गुनसोला, मुर्तजा बेग आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### ग्रामीणों ने सड़क और रास्ते की मरम्मत की मांग उठाई

चमोली : विकासखंड के उमट्टा के ग्रामीणों ने एनएच की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए गांव तक सड़क और रास्ते की मरम्मत करने की मांग की है। तहसील पहुंचकर एसडीएम को समस्या बताते हुए ग्रामीणों ने कहा कि ऑलवेदर सड़क का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था ने गांव जाने का पैदल मार्ग और सड़क दोनों तोड़ दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन ने कार्रवाई की गुहार लगाई है। सोमवार को तहसील पहुंचे रमेश चंद्र सती, पूर्व प्रधान अनुज डिमरी, विनय डिमरी, उपप्रधान सुबोध डिमरी ममंद अध्यक्ष सुनीता आदि ने कहा कि उमट्टा, चमाली, मौणा आदि गांवों के लिए लोनिवि ने उमट्टा–मौंणा सड़क का निर्माण करीब दो दशक पहले किया है। लेकिन बदरीनाथ हाईवे पर सड़क चौड़ीकरण के चलते निर्माणदायी संस्था ने करीब छह माह पूर्व सड़क को तोड़ दिया।

# विधायक ने किया नवसृजित पुलिस चौकी का शुभारंभ

रुद्रप्रयाग : जनपद के तल्लानागपुर क्षेत्र के दुर्गाधार में नवसृजित रिपोर्टिंग पुलिस चौकी का भौतिक रूप से उद्घाटन कर दिया गया। अब पुलिस चौकी दुर्गाधार में कुल 40 राजस्व ग्राम नियमित पुलिस व्यवस्था के अधीन हो गए हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं पर भी रोक लगेगी।

सोमवार को केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत ने पूजा-अर्चना कर दुर्गाधार में पुलिस चौकी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। विधायक शैलारानी ने कहा कि स्वस्थ समाज को बनाए रखने व अव्यवस्था का वातावरण दूर किए जाने के लिए पुलिस चौकी की स्थापना हुई है। कहा कि इससे अनुशासित तरीके से बाजार की व्यवस्थाओं में सुधार होने के साथ ही अतिक्रमण का भय नहीं रहता है। जनपद के इस क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना कर विकास की पहल को आगे बढ़ाया है। जनप्रतिनिधि का भी दायित्व बनता है कि वह भी पुलिस को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। पुलिस चौकी स्थापित होने से यहां की महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सकेगा। विधायक ने चोपता बाजार में 5 सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने कहा कि जनसमुदाय की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो गई है। बताया कि यहां पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। उपनिरीक्षक योगेश कुमार को चौकी प्रभारी बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आगे भी इसी प्रकार का सहयोग प्रदान किए जाने की अपेक्षा की। समाज और पुलिस के मध्य आपसी अच्छे सम्बन्ध से ही स्वस्थ और मजबूत समाज की नींव पड़ती है। हम सभी लोग किसी न किसी प्रकार से संविधान और कानून से बंधे हैं, इसलिए पुलिस को सहयोग प्रदान करना है। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि पुरातनकाल से चली आ रही राजस्व व्यवस्था अब नियमित पुलिस व्यवस्था में आ गई है। जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े इस प्रकार का कार्य करेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए चौकी प्रभारी, थाना प्रभारी या क्षेत्राधिकारी को कॉल की जा सकती है।

# शाहपुर–कल्याणपुर में पशु प्रदर्शनी आयोजित



विकासनगर। पशु पालन विभाग की ओर से सोमवार को शाहपुर–कल्याणपुर में पशु प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस दौरान स्वस्थ पशुओं के स्वामियों को पुरस्कृत करने के साथ ही उन्हें पशुपालन से आर्थिकी बढ़ाने को प्रेरित किया गया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव मोहन शर्मा ने पशुपालकों को बताया कि डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से डेयरी उद्यमिता विकास योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत डेयरी शुरू करने के लिए या पुरानी डेयरी का विकास करने के लिए नाबार्ड बैंक से 33 प्रतिशत तक सरकारी सब्सिडी पर ऋण मिलता है। योजना को शुरू करने का उद्देश्य ग्रामीण भारत में रोजगार सृजन करना है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही भेड़ और मुर्गी पालन से भी ग्रामीण अपनी आय बढ़ा सकते हैं। डॉ. एसके गुप्ता ने पशुपालकों को सरकार की ओर से चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. रजनीश पांडेय ने पशुओं को होने वाले रोग और उनके लक्षण, उपचार की जानकारी दी। प्रदर्शनी के तहत जुडली की ग्राम प्रधान रीना की गाय राधा सभी पशुओं में सर्वोत्तम चुनी गई। भैंस वर्ग में शाहपुर के प्रधान मुकेश पुंडीर की भैंस, गाय संकर वर्ग में जवाहर सिंह गाय, देसी गाय वर्ग में रीना की गाय, बैल जोड़ी में रणजीत सिंह के बैल और बछिया वर्ग में फूल चंद की बछिया सर्वोत्तम चुनी गई। इस दौरान डॉ. उमेश मौर्य, डॉ. नरेंद्र लाल, डॉ. बीना बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### मेयर ने कराया ज्वालापुर क्षेत्र में सड़क और पुलिया का निर्माण शुरू

हरिद्वार। मेयर अनिता शर्मा ने ज्वालापुर क्षेत्र में सड़क निर्माण और चौराहे की क्षतिग्रस्त मुख्य पुलिया का कार्य शुरू कराया। साथ ही सड़कों, पुलिया और नालियों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। सोमवार को मेयर ने ज्वालापुर के वार्ड पांवधोई स्थित प्रेम नर्सिंग होम के पीछे सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया। साथ ही पांवधोई के चौराहे की क्षतिग्रस्त मुख्य पुलिया की मरम्मत का कार्य भी शुरू किया गया। नीलखुदाना क्षेत्र में सड़क निर्माण का उद्घाटन मेयर ने किया। इस मौके पर ज्वालापुर विधायक ज्वालापुर रवि बहादुर, मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा, पार्षद रियाज अंसारी, पार्षद प्रतिनिधि सद्दीक गाड़ा, तहसीन अंसारी, शाहबुदिन अंसारी, हिमांशु बहुगुणा, लक्की दरगन आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम समाज और वन विभाग की जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे बाहरी लोग : रुद्र सेना



विकासनगर। रुद्र सेना ने नायब तहसीलदार त्यूणी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में बताया गया कि त्यूणी तहसील सहित जौनसार बावर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धर्म विशेष के लोग ग्राम समाज और वन विभाग की जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे हैं।

रुद्र सेना ने आरोप लगाया कि प्रशासन और वन विभाग इसको लेकर बेपरवाह बने हैं। जिससे क्षेत्र के अमन चेन के लिए खतरा पैदा हो सकता है। नायब तहसीलदार त्यूणी के माध्यम से राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है। त्यूणी क्षेत्र के अटाल, हेडसू, रडु, चांदनी, व्यूलोग, मझोग, खुनीगाड, गुरुयााना, चातरीगाड, मैंद्रथ, पुरटाड, कोटी बावर, सुनीर, देउडू, कांडा बास्तील, नेवल, मुंडाली, चांटी में सैकडों परिवार ग्राम समाज व वन विभाग की सरकारी जमीनों को कब्जाकर वहीं बस गये हैं। यही नहीं कुछ जनप्रतिनिधियों के संरक्षण के चलते इन लोगों ने अपने आधार कार्ड, पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड, स्थाई निवास जैसे तमाम सरकारी दस्तावेज बना दिए हैं। कहा कि ऐसे बाहरी तत्व क्षेत्र में अपना बर्चस्व कायम करना चाहते हैं। कहा कि जौनसार बावर क्षेत्र जनजाति क्षेत्र हैं।

## एक नजर

### सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचायें

नई टिहरी : प्रतापनगर भाजपा मंडल की पहली कार्यसमिति की बैठक प्रतापनगर के देवल में संपन्न हुई। प्रदेश कार्य समिति सदस्य खेम सिंह चौहान ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सम्मुख सरकार की जनकल्याणकारी योजना को रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी पकड़ लगातार मजबूत करने में लगा है। देश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। जिसका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। बैठक में मंडल प्रभारी रामकुमार कठैत, जिला उपाध्यक्ष हर्षमणी सेमवाल, मंडलध्यक्ष त्रिलोक रावत, मंडल उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर पैन्यूली, शिव बिष्ट, राजेन्द्र रावत, राजपाल मिश्रवाण, महामंत्री विवेक भट्ट, मुरारी सिंह रागड़, धनवीर रावत, उम्मेद रावत,नपं अध्यक्ष भरोशी देवी, जिपंस प्रमिला उनियाल, शरद बिष्ट, प्रीति डिमरी,चंदन बगियाल,राहुल राणा, जब्बर सिंह, सोहनपाल पंवार, सोबन रावत, राम परमार, राकेश सिंह, पृथ्वी सिंह, आरती आर्य, सुरेश आर्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद पूजा–अर्चना शुरू

नई टिहरी : उत्तराखंड के 52 गढ़ों में शामिल भरपूर गढ़ स्थित प्राचीन सिद्धपीठ सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पुननिर्माण के बाद यहां श्रद्धालु फिर से पूजा-अर्चना के लिए जुटने लगे हैं। यहां 130 वर्ष पूर्व बना मंदिर पूरी तरह जर्जर होने से गिरने की स्थिति में पहुंच गया था। क्षेत्र के युवाओं ने प्राचीन सिद्धपीठ के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया। जिसके बाद भरपूर पट्टी के 52 गांवों के लोगों ने आर्थिक सहयोग कर मसूण गांव स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर सिद्धपीठ का भव्य मंदिर निर्मित करवाया। क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने भरपूर क्षेत्र की जनता ने प्राचीन धरोहरों को संरक्षित किये जाने के प्रयासों को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया। मन्दिर के मुख्य पुजारी पं. चैतन्य कुकरेती ने बताया कि मंदिर में प्राचीन शिवलिंग के साथ देवप्रयाग संगम से कांवड में लाये गए गंगा जल से अभिषेक के बाद शिव परिवार की नवनिर्मित मूर्तियों को प्राण प्रतिष्ठा दी गयी।

# उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की हुई बैठक



ऋषिकेश। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड में हिमाचल की तर्ज की पर भू कानून बनाने सहित कई प्रस्ताव पारित किए। इन प्रस्तावों को राज्य आंदोलनकारी प्रदेश सरकार को भेजेंगे। सोमवार को नगर निगम स्थित इंद्रमणि बडोनी हॉल में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक हुई। बैठक में वक्ताओं ने ऋषिकेश क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। कहा कि ऋषिकेश में हाईवे का कार्य बंद होने के चलते आए दिन जाम की समस्या बन रही है। सरकार ने ऋषिकेश तहसील क्षेत्र में सर्किल रेट में बढ़ोतरी कर दी है। गौहरीमाफी व टिहरी फार्म में सिंचाई विभाग द्वारा किए गए कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है। इस दौरान कई प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें बंद पड़े नेशनल हाईवे का कार्य शुरू करने, नए सर्किल रेट पर पुनर्विचार करने, रायवाला के गौहरीमाफी तथा टिहरी फार्म में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच करने, राज्य आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानी घोषित करने, राज्य आंदोलनकारियों को पेंशन पट्टा देने, छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों का चिह्नीकरण करने, हिमाचल की तर्ज पर भू कानून बनाने, मूल निवास को पूर्व की भांति करने आदि प्रस्ताव पारित किए गए।

# नगर आयुक्त ने पकड़ी दुकान से 887 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक शीट



हरिद्वार। नगर आयुक्त ने ग्राहक बनकर हरकी पैड़ी के निकट एक दुकान से 887 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक की सीट बरामद की। नगर आयुक्त ने दुकानदार पर एक लाख का जुर्माना लगाया है। हरकी पैड़ी गंगा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को बैठने के लिए घाट पर प्रतिबंधित प्लास्टिक की शीट बेची जाती है।

नगर निगम की कार्रवाई के बाद भी घाटों पर इन प्लास्टिक की शीट की बिक्री को रोका नहीं जा सका है।

सोमवती अमावस्या के स्नान के अवसर पर नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती हरकी पैड़ी की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। नगर आयुक्त ने बताया इस दौरान उन्होंने घाट पर प्लास्टिक की प्रतिबंधित शीट को बेचने वालों को पकड़ा। दुकानदार का नाम बताने पर कार्रवाई न करने की बात कहने पर उन्होंने दुकानदार का पता बता दिया। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने बताया कि उक्त दुकान पर ग्राहक बनकर गए। इस दौरान दुकानदार के पास से दो बड़े पैकेट में काफी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक की शीट मिली।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा ठगी करने वाला तांत्रिक

रुड़की। तांत्रिक ने सेठपुर गांव की बुजुर्ग महिला के घर में जमीन के नीचे सोना दबा होने का झांसा देकर उससे पांच हजार रुपये ले लिए। महिला के बेटे को पता चला तो उसने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर रही है। लक्सर से सटे सेठपुर गांव निवासी अनिल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत दिवस वह परिवार सहित कहीं गया था। घर में उसकी बुजुर्ग मां अकेली थी। तभी एक तांत्रिक उसके घर आया। उसने बुजुर्ग महिला से बातचीत की। बताया कि उसके घर में मिट्टी के नीचे करोड़ों का सोना दबा हुआ है। साथ ही कहा कि सोने की रखवाली उनके कुल देवता कर रहे हैं। सोना निकालने से पहले तंत्र मंत्र से कुल देवता को शांत करना पड़ेगा। तांत्रिक ने कुल देवता को शांत करने की बात कहकर महिला से घर में रखे 5 हजार रुपये ले लिए और चंपत हो गया। अनिल घर लौटा, तो उसे घर में पैसे नहीं मिले। मां से पूछा तो यह बात पता लगी।

उसकी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की और तांत्रिक साजिद पुत्र इस्लाम निवासी रेतीवाला मोहल्ला थाना कैराना, शामली उत्तर प्रदेश को बहादरपुर खादर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### लंढौरा रेलवे पुल पर लगा हाइट गेज

रुड़की। लंढौरा रेलवे पुल पर आरपीएफ जवानों की मौजूदगी में हाइट गेज लगाया गया। लंढौरा से जबरदस्तपुर जौरासी जाने वाले मार्ग का रेलवे पुल काफी समय से जर्जर है।

आसपास कई ईंट भट्ठे होने के कारण भारी लोडिंग से भरे वाहन यहां से गुजरते हैं। इसे ध्यान में रखकर रेलवे की ओर से पुल पर हाइट गेज लगाने का कार्य किया जा रहा था। उधर ग्रामीण इसका विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि यहां से 20 से अधिक गांव के लोग गुजरते हैं। हाइट गेज 14 फीट की ऊंचाई पर लगना चाहिए, जिससे फायर ब्रिगेड की मशीन पुल से गुजर सके।

# कांवड यात्रा की व्यवस्थाओं हेतु सांसद सैनी ने 20 लाख स्वीकृत किए



ऋषिकेश। राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी नें अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान नीलकंठ महादेव मंदिर के दर्शन और पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने नीलकंठ मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नीलकंठ पैदल मार्ग पर टाइल लगाने संबंधी कार्य का शिलान्यास किया। सोमवार को भाजपा राज्यसभा सासंद डॉ. कल्पना सैनी यमकेश्वर विकास खंड के नीलकंठ क्षेत्र पहुंची और नीलकंठ मंदिर और मेला क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर साफ सफाई से लेकर तमाम व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने कांवड यात्रा की व्यवस्थाओं के लिए सांसद निधि से 20 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत की। राज्यसभा सांसद ने मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था लोनिवि दुगड्डा के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड यात्रा 2023 से पहले मार्ग का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करें। उन्होंने बताया कि पैदल मार्ग पर टाइल लगने से पैदल यात्री सुगमता से अपनी यात्रा को पूरी कर सकेंगे। मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए एसके राय, ईई लोनिवि दुगड्डा डीपी सिंह, खंड विकास अधिकारी यमकेश्वर दृष्टि आनन्द, व्यापार मंडलाध्यक्ष नीलकंठ बृजेश चौहान, नीलकंठ मंदिर समिति धन सिंह राणा, मीडिया प्रभारी अलकेश कुकरेती आदि मौजूद रहे।

# एचआरडीए ने की अवैध रूप से बन रही पांच कॉलोनियां सील



हरिद्वार। हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण ने अवैध रूप से बन रही पांच कॉलोनियों को सील किया है। एचआरडीए ने सुमन नगर, डैंसो चौक और नवोदय नगर में यह कार्रवाई की है। आरोप है कि बिना नक्शा पास कराए कॉलोनियों को बनाया जा रहा था। एचआरडीए के सचिव उत्तम सिंह चौहान ने बताया कि सोमवार को एचआरडीए की टीम ने सुमन नगर रोड नंबर तीन पर आशीष अग्रवाल की, एक व्यक्ति की सुमनगर चौकी के पास, जेएस पंवार की जय मां राजेश्वरी एसोसिएट सुमननगर, विपिन कुमार चौहान की डैंसो चौक बहादराबाद, नमित कुमार और सचिन त्यागी की ओर से नवोदय नगर रोशनाबाद में विकसित की जा रही अनधिकृत कॉलोनी को सील किया है।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

रुड़की। भाजपा जिला अध्यक्ष के कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति और भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव कौशिक ने जिले के सभी नवनियुक्त युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है और युवाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है वह जिम्मेदारी को सही तरह से निभाएं।

# ट्रेड यूनियनों का भेल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन

हरिद्वार। बीएचईएल की ट्रेड यूनियनों ने शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर भेल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए हीप मेन गेट पर प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने भेल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सोमवार को ट्रेड यूनियनों ने एकत्रित होकर भेल अस्पताल के पीपीपी मोड पर दिए जाने एवं ईएमबी स्कूल सेक्टर दो बाल भारती स्कूल के बंद होने एवं केंद्रीय विद्यालय में नए सत्र से प्रवेश बंद के खिलाफ सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में पुरजोर विरोध किया। साथ ही एचआर को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। रामयश (नीफ्टू) ने कहा कि भेल कर्मियों को बेहतर और निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं एवं भेल कर्मियों के बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराना भेल प्रबंधन का नीतिगत उत्तरदायित्व है। इंटक के राजबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य समेत देश के सभी सार्वजनिक संस्थानों का निजीकरण किया जा रहा है।

## मनरेगा में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर किया जाए

**पौड़ी** : प्रधान संगठन ने मनरेगा कार्यों में आ रही तकनीकी दिक्कतों के निस्तारण की मांग की है। संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द ही समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई।

सोमवार को प्रधान संगठन ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम को बताया कि जिले में कार्य पूरा होने के बाद भी फाइले रहते मैटेरियल फीडिंग में दिक्कते आ रही है। मनरेगा में कुशल मजदूरों का मेहनतनामा समय से ना आने के चलते विकास कार्य बाधित हो रहे है। मनरेगा में एक वित्तीय वर्ष में 20 से अधिक फाइलों को पूरा करने के बाद 21वीं फाइल में काम नहीं किया जा रहा है। कहा कि मनरेगा में कार्य पूरा होने के बाद भी कार्य का मापन मनरेगा कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा समय पर नहीं किया जा रहा है। मनरेगा में कार्यों के डब्लू सी व जियो टैग समय पर ना किए जाने से दिक्कते हो रही है। उन्होंने डीएम से मनरेगा में किए जाने वाले कार्यों की वित्तीय स्वीकृति समय पर देने की मांग उठाई। इस मौके पर प्रधान संगठन के खिर्सू ब्लाक अध्यक्ष बृजमोहन बहुगुणा, नैनीडांडा ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र रावत, कल्जीखाल अध्यक्ष रमेश चंद्र शाह, प्रधान जयवीर रावत आदि शामिल थे।

# उक्रांद ने काली पट्टी बांध सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

◆प्रदेश में हुए हुए भर्ती घोटाले व अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग
◆जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जन आंदोलन चलाने की दी चेतावनी




कोटद्वार तहसील में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते उक्रांद के कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रदेश में हुए भर्ती घोटाले के साथ ही अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने तहसील में प्रदर्शन किया। दल ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जन आंदोलन भी चलाने की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सोमवार को उत्तराखंड क्राति दल ने तहसील परिसर में बांह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। इसके उपरांत दल ने प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। दल के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के बेहतर विकास के लिए उत्तराखंड राज्य गठन की लड़ाई लड़ी गई थी। लेकिन, सत्ता में आने वाली राष्ट्रीय पार्टियों ने प्रदेश को बर्बादी की कगार पर खड़ा कर दिया है। प्रदेश में लगातार भर्ती घोटाले सामने आ रहे हैं। सीबीआई जांच की मांग उठा रहे युवाओं की आवाज को दबाने के लिए उनपर लाठी चार्ज किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्त्ताओं ने भर्ती घोटाले व वनंतरा प्रकरण की सीबीआई जांच करवाने के साथ ही देहरादून में आंदोलन कर रहे युवाओं पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग उठाई। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर महेंद्र सिंह रावत, हरीश द्विवेदी, विनोद चौधरी, मंदीप सिंह नेगी, गुलाब सिंह रावत, विजय लक्ष्मी, कल्पना रावत, सुखदेव शास्त्री, गजे सिंह आदि मौजूद रहे।

## सतीश चंद्र जोशी बने महानगर महामंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारत तिब्बत सहयोग मंच की ओर से सतीश चंद्र जोशी को महानगर महामंत्री बनाया गया है। इस दौरान सदस्यों ने मंच की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है।

जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुंडलिया व प्रदेश नेतृत्व की सहमति से भारत तिब्बत सहयोग मंच के कोटद्वार अध्यक्ष कुलदीप सिंह रावत ने महानगर कार्यकारिणी का विस्तार किया है। कार्यकारिणी में सेनि. आनरेरी सूबेदार मेजर सतीश चंद्र जोशी को महामंत्री, सेनि. आनरेरी कैप्टेन हषवंत सिंह बिष्ट व सुभाष पांडेय को उपाध्यक्ष, गंगा सिंह, धीरेंद्र नैथानी व कमल कुमार को मंत्री, अजय सिंह को मीडिया प्रभारी, नरेंद्र चौहान को महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा व राजेंद्र पुंडीर को महानगर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

## घरों को उजाड़कर नहीं बनने दिया जाएगा राष्ट्रीय राजमार्ग



राष्ट्रीय राजमार्ग के विरोध में आयोजित बैठक में भाग लेते क्षेत्रवासी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सनेह क्षेत्र की राष्ट्रीय राजमार्ग विरोध संघर्ष समिति ने बाईपास को लेकर 12 फरवरी 2023 को जारी अधिसूचना का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। कहा कि घरों को उजाड़कर किसी भी हाल में राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं बनने दिया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विरोध में आंदोलन की भी चेतावनी दी गई।

बाईपास के विरोध में होने वाले आंदोलन की भावी रणनीति पर चर्चा करने को लेकर लालपानी पंचायत घर में आयोजित बैठक में समिति अध्यक्ष आशीष रावत ने कहा कि फरवरी में जारी अधिसूचना में बाईपास प्रभावित लोगों को जिलाधिकारी कार्यालय में मुआवजे के लिए अपने दावों को प्रस्तुत करने का निमंत्रण दिया गया था, लेकिन अधिसूचना में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि गोल खाते वाले को किस तरह मुआवजा मिलेगा और पट्टा धारकों का क्या होगा। इसलिए समिति अधिसूचना का बहिष्कार करेगी। कहा कि प्रभावितों में अधिकांश गरीब तबके के लोग हैं जिन्हें पौड़ी आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सरकार को बाईपास रोड निर्माण कार्य से पहले सभी प्रभावितों के पुनर्वास की व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि बाईपास विरोध को लेकर समिति का संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में अनिल रावत, कुलदीप रावत, पूरण सिंह रावत, सुनील रावत, सुशीला देवी, दीपा देवी, संगीता तिवारी और संजना देवी सहित अन्य प्रभावित ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में ऋतु कुकरेती रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में राजनीति विज्ञान परिषद द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ऋतु कुकरेती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



महाविद्यालय में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

भाषण प्रतियोगिता जिसका शीर्षक विश्व सामाजिक न्याय दिवस सामाजिक परिवर्तन का सूत्रधार था। कार्यक्रम संचालन डॉ. पूनम गैरोला के द्वारा किया गया। उन्होंने न्याय का अर्थ और 2030 की थीम 'वैश्विक एकजुटता को मजबूत करना और बाधाओं पर काबू' पाने सहित अन्य विषयों के बारे में अवगत करवाया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पवार ने कहा इसका मुख्य उद्देश व्यक्ति विशेष में बिना किसी भेदभाव और असमानता के समान अधिकार देना है। साथ ही लोगों को सामाजिक न्याय और समानता के प्रति जागरूक करना है। इसके लिए हर साल 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। निर्णायक मंडल में से समाज शास्त्र विषय की प्राध्यापिका डॉ कविता रानी ने समाज में असमानता के प्रति जागरुक होकर समानता की बात कही, वहीं इतिहास विभग के प्राध्यापक डॉ.जूनिश कुमार ने सामाजिक न्याय के अवसरों को उजागर करने पर जोर दिया। राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. संत कुमार ने सामाजिक अन्याय के खिलाफ भेदभाव को खत्म करने का प्रयास करने की बात कही। राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि किस प्रकार से सामाजिक न्याय द्वारा वर्ग, धर्म, लिंग, संस्कृति भेदभाव से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाता है। प्रतियोगिता में विभाग के 45 छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमे से ऋतु कुकरेती बी.ए.प्रथम सेम ने प्रथम, तनु शाह बी.द्वितीय वर्ष ने द्वितीय व सानिया बी.ए.प्रथम सेम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सांसद व विधायकों की तरह कर्मचारियों को भी मिले पुरानी पेंशन का लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने सांसद व विधायकों की तरह सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों को भी पुरानी पेंशन का लाभ देने की मांग की है।

कहा कि कर्मचारियों के हित को देखते हुए सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। मोर्चा ने जल्द पुरानी पेंशन बहाल नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

सोमवार को राजकीय बेस चिकित्सालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नई पेंशन योजना में जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनकी पेंशन करीब तीन से चार हजार रूपए बन रही है।

नई पेंशन योजना किसी भी तरह से कर्मचारियों के हित में नहीं है। इतनी कम पेंशन में सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

कहा कि वर्तमान में कई राज्यों में सरकार ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की घोषणा कर दी है। ऐसे में उत्तराखंड सरकार को भी इस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।

वक्ताओं ने कहा कि विधायकों व सांसदों को एक दिन के कार्यकाल पर पेंशन मिल रही है। लेकिन, कर्मचारियों को वर्षों सेवाएं देने के बाद भी पुरानी पेंशन योजना से वंचित किया जा रहा है। बैठक में मार्च माह में राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में कार्यरत आवश्यक सेवाओं के सभी चिकित्सक व पैरामेडिकल संवर्ग कर्मियों की इकाई गठन का भी निर्णय लिया गया।

इस मौके पर उत्तराखंड मेडिकल एंड पब्लिक हैल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जनपद सचिव गणेश गौड़, मीडिया प्रभारी हेमेंत रावत, सुंदर सिंह नेगी, गौरव कुमार, नर सिंह यादव, संजय उनियाल, संतोषी देवी आदि मौजूद रहे।

## वारंटी मेरठ से गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : थलीसैंण पुलिस ने एक वारंटी को मेरठ उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। वारंटी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने सभी थानाप्रभारियों को अपने-अपने थानाक्षेत्र के वारंटियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए है। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि थाना थलीसैंण पुलिस ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी द्वारा जारी वारंटी ज्ञानचंद पुत्र रति राम, निवासी भारवाड़ा, थाना सरधना, मेरठ, उत्तर प्रदेश को उसके घर से गिरफ्तार किया है। बताया कि वारंटी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजीव मंमगाई, आदित्य शामिल थे।

# एसएसपी ने संजय और भूपेश को गुड सेमेरिटन से किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने दुर्घटना के समय घायलों की मदद करने वाले संजय कुमार पाण्डेय और भूपेश बमराड़ा को गुड सेमेरिटन सम्मान से सम्मानित किया।



एसएसपी श्वेता चौबे गुड सेमेरिटन सम्मान से सम्मानित करते हुए।

एसएसपी ने कहा कि बिना किसी स्वार्थ के स्वेच्छा से किसी भी आपात कालीन स्थिति में सहायता प्रदान करने के लिए आगे आने वाले गुड सेमेरिटन लोगों को सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से अन्य लोग भी जागरूक होंगे और आपातकालीन स्थिति में लोगों की मदद के लिए आगे आएंगे। बताया कि पौड़ी के संजय कुमार पाण्डेय पुत्र शिवानन्द निवासी श्रीनगर, भूपेश बमराड़ा पुत्र कमलादत्त द्वारा बीती 14 फरवरी को खण्डाह के पास श्रीनगर पौड़ी रोड पर दुर्घटनाग्रस्त हुई वाहन के घायल चालक जयप्रकाश भंडारी को अपने वाहन में बैठाकर समय से अस्पताल पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया और गुड सेमेरिटन की भूमिका निभाई गयी। जिन्हें गुड सेमेरिटन से सम्मानित किया गया। कहा कि जब भी कहीं कोई दुर्घटना घटित होती है और वहां पर मौजूद लोग घायल व्यक्ति को निकटवर्ती अस्पताल में पहुंचाकर केंद्र व राज्य सरकार की इस अति महत्वपूर्ण योजना से लाभान्वित होने के साथ-साथ मानवता का धर्म भी निभा सकते हैं।

## मदन अध्यक्ष तो सोमदत्त बनें सचिव

**पौड़ी** : कल्जीखाल ब्लॉक के आदिशक्ति मां भुवनेश्वरी मन्दिर विकास मिशन सांगुडा का त्रिवार्षिक चुनाव किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक डा. पुष्कर मोहन नैथानी की देख रेख में हुए चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मदन सिंह अध्यक्ष, महेंद्र राणा उपाध्यक्ष, सोमदत्त नैथानी सचिव पद, राजेंद्र सिंह उपसचिव, आलोक नैथानी कोषाध्यक्ष, आशीष नैथानी उप कोषाध्यक्ष, अनंत नैथानी लेखा परीक्षक चुने गए। सदस्य पद पर हेमन्द कुमार नैथानी एवं वीभा रावत को निर्वाचित किया गया। सभी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध हुआ। इस दौरान मंदिर के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर डा. नेत्र बल्लभ नैथानी, भारत भूषण नैथानी आदि शामिल रहे।

# जन हित में काम कर रही सरकार : अणथ्वाल

### भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गोसेवा आयोग के अध्यक्ष पंड़ित राजेंद्र अण्थ्वाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को लेकर कार्य कर रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक विकास कार्य हुए हैं। सरकार प्रत्येक व्यक्ति के हित को देखते हुए ही योजनाएं बना रही है। हर परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसकी जिम्मेदारी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की है।



आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते गोसेवा आयोग के अध्यक्ष

सोमवार को नगर मंडल की ओर से कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि गो सेवा आयोग के अध्यक्ष पंड़ित राजेंद्र अण्थ्वाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को देखते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं बना रही है।

समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें इसके लिए कार्यकर्ताओं को गंभीरता से कार्य करना होगा। जिला डाटा प्रबंधक संयोजक गजेंद्र रावत ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को सरल एप के माध्यम से संगठन के आगामी कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, सूर्यकांत बलूनी, हरीश खर्कवाल, नीना बैजवाल, आशा कोठारी, मानेश्वरी बिष्ट, दीपू पोखरियाल, विवेक अग्रवाल, पवन वर्मा, उमेश त्रिपाठी, कुणाल अग्रवाल, सुभाष पांडेय, आशीष सतीजा, आकाश फूल, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# साहित्य विक्रय दिवस के रूप में मनाया जन्म दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से संघ के संघ चालक माधवराय सदाशिव राव गोलवलकर का जन्मदिवस साहित्य विक्रय दिवस के रूप में मनाया गया।

इस दौरान संघ की ओर से विभिन्न पुस्तकों का स्टाल भी लगाया गया।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुस्तक देते स्वयं सेवक

सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचार विभाग की ओर से साहित्य विक्रय दिवस मनाया गया। संघ की ओर से बाल कथाएं, सावरकर की जीवनी सहित विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों का स्टाल भी लगाया गया। नगर प्रचार प्रमुख राजेश जोशी ने बताया कि संघ चालक माधवराय सदाशिव राव गोलवलकर का जन्मदिवस प्रत्येक वर्ष साहित्य विक्रय दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रति भी जागरूक किया। इस मौके पर जिला प्रचारक राहुल, अंकुश आदि मौजूद रहे।

# अघोषित विद्युत कटौती पर जताया रोष

### मोदी विचार मंच के सदस्यों ने तहसील में दिया धरना

**कोटद्वार** : मोदी विचार मंच के सदस्यों ने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजी कटौती पर रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में मंच के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन प्रेषित किया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में सुबह के समय बिजली की कटौती जारी है। इस कारण आम जन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर छात्रों पर पड़ रहा है। बिजली न होने के कारण उन्हें अध्ययन करने में परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं सुबह ही बिजली कटौती के कारण लोगों को पेयजल समस्या का सामना भी करना पड़ रहा है। इसलिए बिजली कटौती को बंद किया जाना चाहिए। तत्पश्चात मंच सदस्य विद्युत वितरण खंड पहुंचे और वहां पहुंचकर उन्होंने विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा और बिजली कटौती पर चिंता व्यक्त की। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जीके बड़थ्वाल, अनूप बिष्ट, सुरेश रावत, संजय बिष्ट, जयराज सिंह और एमसी केष्टवाल आदि थे।

# निबंध प्रतियोगिता में किरण नेगी रही अव्वल

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के भूगोल विभाग के तत्वावधान में उत्तराखंड के आर्थिक विकास हेतु संसाधन प्रबंधन नामक विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें किरण नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं

निबंध प्रतियोगिता को कराने का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में उत्तराखंड के संसाधनों के संरक्षण तथा उनको उपयोग करने के तरीकों से भली-भांति परिचित करवाना था। प्रतियोगिता में भूगोल विषय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान एमए प्रथम वर्ष की छात्रा किरण नेगी, एमए तृतीय वर्ष की के छात्र शिवांशु ने द्वितीय व बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा संध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विभाग अध्यक्ष डॉ. चंद्रप्रभा कंडवाल ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में डॉ. किशोर चौहान, डॉ. मीनाक्षी वर्मा व डॉ. ममता रावत मौजूद रहे।

## महिलाओं को सशक्त करना ही सरकार की प्राथमिकता है- ज्योति शाह




नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल से दूर हल्द्वानी में उपाध्यक्ष महिला आयोग श्रीमती ज्योति शाह मिश्रा ने स्वयं सहायता समूहों के साथ बैठक आयोजित की। उन्हांने कहा प्रदेश की सभी महिलाओं को सशक्त करना है जो महिलाएं सरकार की जनकल्याणकारी योजना से वंचित है। उन महिलाओं को एक सूत्र में लाना मुख्य उददेश्य है। उन्हांने कहा प्रदेश की सभी महिलाओं को सशक्त करना है जो महिलाएं सरकार की जनकल्याणकारी योजना से वंचित है। उन महिलाओं को एक सूत्र में लाना मुख्य उददेश्य है। श्रीमती मिश्रा ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश दिये कि हेल्प लाईन नम्बर 1090 को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने के साथ ही गौरा देवी एप की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय जिन महिलाओं को दण्ड मिला है और वे कैद में हैं इस प्रकार की महिलाएं को सशक्त करने के लिए मासिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत करना है। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि जनपद अल्मोडा में भी इससे पूर्व में जेल की महिलाओं को मानसिक एवं आर्थिक रूप से मजूबत करने हेतु स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से अल्मोडा जनपद में पॉच दिवसीय ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने कहा हल्द्वानी जेल में भी ऐसी महिलाएं है जो कैदी है उन्हें स्वंय सहायता समूह के ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें जूट के बैग, हर्बल रंग, एपण आदि की ट्रेनिंग दी जायेगी। श्रीमती मिश्रा ने कहा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि जेल की कैदी महिलाओं को सशक्त एवं आर्थिक तौर पर मजबूत के साथ ही समय का सदउपयोग करना है। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी डॉ. निर्मला जोशी, बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी के साथ ही स्वंय सहायता समूहों के साथ ट्रेनर आदि भी मौजूद थे।

## जेल का निरीक्षण किया

हल्द्वानी। बीते दिनों उप कारागार में हुए विवादित मामलों के बाद सोमवार को न्यायिक, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अहम सुझाव दिए। निरीक्षण में अधिकारियों ने उप कारागार में कैदियों और बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। सीजेएम, डीएम धीराज गर्ब्याल, एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट ने जेल के मुआयने में सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की बैरक, खान–पान व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। महिला, पुरुष कैदियों और बंदियों के साथ बातचीत कर उनकी परेशानियां जानी। किसी ने भी शिकायत नहीं रखी।

## 24 पव्वे अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




चम्पावत। लोहाघाट। लोहाघाट पुलिस ने परचून और सब्जी की दुकान में संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। जहां 24 पव्वे अवैध शराब के साथ एक को दबोचा। एसओ मनीष खत्री ने बताया कि पुलिस ने रविवार को देर शाम चेकिंग अभियान के तहत फोर्ती गधेरे मार्ग में मनोज बगौली की परचून और सब्जी की दुकान में 24 पव्वे अवैध शराब पकड़ी। संबंधित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में एसआई हरीश प्रसाद, मदन नाथ, सुरजीत राणा रहे।

## पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत का सोमेश्वर में स्वागत



अल्मोड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत सोमवार को सोमेश्वर पहुंचे। जहां भाजपा मण्डल कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। पूर्व सीएम रावत बागेश्वर से गिरेछीना मोटर मार्ग होते हुए सोमेश्वर पहुंचे। पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कैड़ा के आवास पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मंडल अध्यक्ष लीला बोरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व मुख्य मंत्री रावत ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्रीय जनसमस्याओं पर विचार विमर्श किया। और भाजपा संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष लीला बोरा, राजेंद्र कैड़ा, नरेंद्र मोहन नयाल,, महिला मोर्चा अध्यक्ष लता पन्त आदि मौजूद रहे।

## निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया

चम्पावत। एसएसबी पंचम वाहिनी ने सीमांत तामली क्षेत्र के मंच में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया। सोमवार को पंचम वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेट हरीश चंद्र जोशी के नेतृत्व में आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ घनश्याम पटेल ने 405 पशुओं की जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित की। इस एसएसबी के समवाय प्रभारी उप निरीक्षक एन बर्मन ने बताया कि सीमांत के मंच, दूबड़, पसका, भमार, गुरखोली, नीड़, बकौड़ा, गवानी, मटकांडा, रेसंग, तारकुली और चामी गांवों के पशुपालकों के पशुओं की जांच कर उन्हें पशुओं में होने वाले रोगों और उनसे बचाव की जानकारी दी गई।

## श्रमिकों ने एक मार्च को जनजागृति रैली निकालने का निर्णय लिया



सितारगंज, । जायडस कंपनी को पुनः शुरू करने और कार्य बहाली को लेकर 250 दिनों से धरने में बैठे श्रमिकों ने एक मार्च को जनजागृति रैली निकालने का निर्णय लिया है। जायडस कंपनी के श्रमिकों को समर्थन देते हुए पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे ने पत्रकारों से कहा कि सितारगंज में अवैध रूप से उद्योग बंद हो रहे हैं। जायडस कंपनी प्रबंधन ने बिना पूर्व सूचना के रातोरात कंपनी बंद कर दी। 1200 श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं। अवैध बंदी घोषित होने के बाद कंपनी पुनः शुरू नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सिडकुल की 63 कंपनियां गुपचुप तरीके से बंद हो चुकी हैं। इससे करीब 15 हजार श्रमिकों का रोजगार छिन गया है। ये कर्मचारी पलायन कर रहे हैं। इससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि जायडस कंपनी के ताले खुलवाने और बेरोजगार हुए 1200 श्रमिकों को तत्काल काम पर लेने के लिए एक मार्च को सिसौना से सितारगंज एसडीएम कार्यालय तक जनजागृति रैली निकाली जाएगी। उन्होंने राज्य सरकार ने फैक्ट्री की तालाबंदी खुलवाने व कार्य बहाली की मांग की। यहां जायडस वेलनेस इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष विकास सती, चंदन सिंह बोरा, दीपक सिंह, पूरन भाकुनी, चारू शर्मा, हेमंत मेर, विशन टकवाल, रोहन बिष्ट, जयप्रकाश सिंह मौजूद रहे।

## पुलभट्टा में आधा किलो चरस संग आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर। पुलभट्टा में आधा किलो चरस संग आरोपी गिरफ्तार पुलभट्टा पुलिस ने सिरौली रेलवे क्रॉसिंग के पास से एक व्यक्ति को 556 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। सोमवार को पुलभट्टा थाने में मामले का खुलसा सीओ सितारगंज ओमप्रकाश शर्मा ने किया। उन्होंने बताया रविवार को पुलभट्टा पुलिस सिरौली क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस ने रेलवे क्रॉसिंग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से 556 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम छोटे पुत्र मुंशी निवासी वार्ड 7 सुनहरी किच्छा बताया। आरोपी ने बताया कि वह शांतिपुरी के बल्लू से चरस लाकर सिरौली क्षेत्र में फुटकर में बेचता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दूसरे मामले में पुलिस ने सिरौली में मौलाना आजाद स्कूल के निकट सट्टा लगा रहे आरोपी तहजीव पुत्र अफसर निवासी वार्ड 20 सिरौली और उस्मान पुत्र इशाक निवासी वार्ड 19 सिरौली को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 2400 रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद हुई।

## वन पंचायतों ने दी वन विभाग का सहयोग नहीं करने की चेतावनी

अल्मोड़ा। वन पंचायतों ने फायर सीजन में वनाग्नि की घटनाओं से निपटने में वन विभाग का सहयोग नहीं करने का ऐलान किया है। वन पंचायत सरपंच लंबे समय से सूखे गले पेड़ों की कटान में लगी रोक पर नाराज है। अब सरपंचों ने रोक नहीं हटाये जाने तक वनाग्नि की घटनाओं में विभाग का सहयोग नहीं करने की चेतावनी दी है। कहा कि हाल ही में की गई गणना में बहुत पुराने खूंटों को भी लिया गया है, जिससे वर्तमान में इनकी संख्या बढ़ गई है। यहां संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष नयन पंत समेत विभिन्न वन पंचायतों के सरपंच मौजूद रहे।

## उत्तराखंड बॉर्डर पर हुआ भारत– उज्बेकिस्तान के बीच सैन्य अभ्यास शुरू

पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के बॉर्डर पर भारतीय सेना और उज्बेकिस्तान सेना के बीच संयुक्त युद्धभ्यास आज शुरू हो गया है।टैक्निक, ट्रेनिंग,प्रक्रिया को लेकर भी इस दौरान जवान युद्धाभ्यास करेंगे। युद्धभ्यास में दोनों देशों के 45–45 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के सैनिक 15 दिनों तक युद्ध तकनीक के साथ ही आमने सामने के युद्ध कौशल का यहां अभ्यास करेंगे।सैन्यभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक एक दूसरे के ताकत के साथ कमजोरी पर भी फोकस करेंगे ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में दुश्मनों को जंग में मुंहतोड़ जबाव दिया जा सके। सोमवार को यहां सेना क्षेत्र में द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास दस्तक के चौथे संस्करण का मार्च पास्ट के साथ शुभारंभ हुआ।इसके बाद दोनों देशों के जवानों ने अपने – अपने देश के राष्ट्रगान का गायन किया। इसके बाद दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों ने युद्धभ्यास की जानकारी दी। कहा कि यह संयुक्त अभ्यास सैनिकों के बीच नवीन युद्ध तकनीक को समझने में सहायक होगा। इसके साथ ही जंगल युद्ध से जुड़े अभ्यास भी किए जाएंगे।इस अभ्यास में भारतीय सेना की गढ़वाल राइफल्स की 14वीं बटालियन तथा उज्बेकिस्तान की उत्तरी पश्चिमी मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट के जवान प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस युद्धभ्यास का समापन 5 मार्च को होगा। भारत व उज्बेकिस्तान के संयुक्त युद्धाभ्यास के शुभारंभ कार्यक्रम में भारत की 32इंफैंट्री ब्रिगेड के ब्रिगेडियर मयंक वैद व उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व वहां के रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ले. कर्नल शौकत झोन सोरमोनकुलोउ के साथ ने संबोधित किया व सभी जवानों का उत्साह बढ़ाया।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा ने निकाली रैली



हल्द्वानी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड राष्ट्रीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा द्वारा कुमाऊ के हल्द्वानी में पुरानी पेंशन बहाली क्रांति महारैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी अधिकारी एवं विभिन्न घटना संगठनों के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

महारैली में वक्ताओं ने पुरानी पेंशन बहाली का एक संकल्प लिया वक्ताओं ने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि सरकार लगातार कर्मचारियों के साथ धोखा कर रही है राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी सिंह रावत ने कहा कि जहां गैर भाजपा सरकार में पुरानी पेंशन बाहर कर रही हैं वहीं भाजपा शासित राज्य मैं पुरानी पेंशन नहीं दी जा रही है ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि 1 मई को मजदूर दिवस के दिन संसद तक मार्च के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मोदी सरकार को एहसास दिलाएं कि यदि पुरानी पेंशन मोहल्ला की गई तो 2014 की डगर आसान नहीं होगी प्रदेश प्रभारी विक्रम रावत ने कहा कि किसी भी स्थिति में हमें 2020 से पूर्व पुरानी पेंशन बहाल करवानी है उन्होंने कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वह अपनी पूरी ताकत झोंक दें और इस लड़ाई को मंजिल तक पहुंचाने मैं अपना सहयोग प्रदान करें प्रांतीय सचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि एक और संसद विधायक 1 दिन के लिए केले भी विधानसभा और संसद में पहुंचते हैं तो उन्हें पेंशन दी जाती है लेकिन हमारे कार्मिक जीवन भर नौकरी करने के बाद भी टेंशन नहीं मिलती मोर्चा के प्रदेश महिला अध्यक्ष बबीता रानी ने सभी साथियों से अनुरोध किया कि वह सपरिवार 1 मई को दिल्ली पहुंचे उन्होंने मातृशक्ति से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार इस आंदोलन में प्रतिभाग करें पुरानी पेंशन बहाली में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जयदीप रावत ने कहा कि आज हुए कर्मचारी के 1000 से 2000 पेंशन प्राप्त कर रहे हैं जिससे कि उनके सम्मुख आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

इस प्रकार की व्यवस्थाओं का किसी प्रकार का स्नेह की जाएगी रैली मे मिलिंद बिष्ट तारागढ़ कड़ियाल सोहन सिंह मान जिला रमेश चंद्र पांडे मनोहर कांत मिश्रा नर्मदा पांडे विजय मिश्रा विजय गुप्ता मुकेश बांगड़ा कंचन आर्य आया था जब मोहन खातून तरुण तिवारी योगेश घड़ियाल पान सिंह मेहता दिगंबर फुलरिया पुष्कर बांसवाड़ा मोहन राठौर दीप जोशी शीतल साहब दीपक शर्मा पूरन सिंह प्रसारण नरेंद्र भाटी आलोक पांडे राजीव कुमार कन्नू जोशी गिरीश पैन्यूली प्रेमचंद ध्यानी माखनलाल सा जीवंती देवी संतोष खंडूरी डॉक्टर कमलेश मिश्रा प्रदीप यादव कार्यक्रम का संचालन अनुज सिंह पूजारी एवं कंचन कुमार आर्य ने किया।

## बेरीनाग में भी पूर्व सैनिकों ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़। पूर्व सैनिक संगठन ने वन रैंक वन पेंशन को लेकर शहीद स्मारक में एक बैठक की। जिसमें वक्ताओं ने कहा वन रैंक वन पेंशन पार्ट 2 से जीसीओ व उनसे नीचे रैंक के भूतपूर्व सैनिकों को पेंशन में कई गुना कटौती हो रही है। जबकि ऑफिसर रैंक की पेंशन अधिक व जवानों की पेंशन प्रतिशत में अत्यधिक कटौती हो रही है। पेंशन, एसीपी डिसेबिलिटी पेंशन व पारिवारिक पेंशन की विसंगतियों को दूर किये जाने की मांग की गई। पूर्व सैनिकों ने यहां शहीद चौक बाजार से तहसील परिसर तक रैली निकाली। फिर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर पूर्व सैनिक संगठन के पुष्कर सिंह धामी,राजेश रावत,गंगा सिंह राठौर,महेश राठौर,दीवान सिंह मेहरा लक्ष्मण कार्की ,महेंद्र बसनायत,चंदन सिंह,ललित कार्की,बलवंत महरा,भरत गैंडा लोग मौजूद थे।

## पत्नी को घर से निकाला, दूसरी शादी कर विदेश भागने की फिराक में पति

सितारगंज। पति ने दहेज के लिए पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया।अब वह दूसरी शादी करने और विदेश भागने की फिराक में है। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मनजीत कौर पत्नी कुलदीप सिंह पुत्री अवतार सिंह हाल निवासी निवासी ग्राम सिसईखेडा डोहरा थाना नानकमत्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 13 नवम्बर 2020 को कुलदीप सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी ग्राम रायपुर थाना रुद्रपुर के साथ सिक्ख रीति–रिवाज के अनुसार उसका विवाह हुआ। हुआ है। शादी के दौरान मेरे पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दहेज मोटरसाईकिल, फ्रिज कूलर, वाशिंग मशीन, डबल बेड, टीवी, सोने की चार अंगूठिया, सोने की जंजीर 50,000 दिए थे। विवाह के कुछ माह बाद आये दिन कम दहेज लाने हेतु ससुर अवतार सिंह, सास कृपाल कौर, ननद सुनीता कौर, रजविन्दर कौर व जसविन्दर कौर ताना देने लगे। इसके बाद 2,00,000 तथा एक आल्टो कार अपने मायकेवालों से मांग की। विरोध पर सितम्बर 2022 में घर से बाहर निकाल दिया। माह नवम्बर 2022 में एक वाद न्यायालय रूद्रपुर में धारा–9 हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत एकपक्षीय रूप से अपने हक में करा लिया है, किन्तु धारा–9 के अन्तर्गत एकपक्षीय आदेश प्राप्त करने के उपरान्त भी प्रार्थिनी को लेने कुलदीप सिंह कभी नहीं आया। दिसम्बर में स्वयं अपने ससुराल रायपुर चले गयी। उसके ससुराल वाले उससे अभद्रता करने लगे। बीती 13 फरवरी को उसे ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। 17 फरवरी को उसे को ज्ञात हुआ कि पति कुलदीप सिंह विदेश जा रहा है।

## भुगतान न होने पर लीसा ठेकेदारों का प्रदर्शन




बागेश्वर। लीसा गढ़ान, ढुलाल का भुगतान नहीं होने पर लीसा ठेकेदारों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज ठेकेदारों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। वन विभाग पर उपेक्षा का आरोप लगाया। उनके भुगतान का बजट विभाग अन्य कार्यों पर खर्च कर रहा है। भुगतान नहीं होने से उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लीसा ठेकेदार सोमवार को कलक्ट्रेट में पहुंचे। यहां अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने पिछले साल जिले में लीसे का गढ़ान तथा ढुलान कार्य किया, लेकिन अभी तक उन्हें इसका भुगतान नहीं हो पाया है। वन विभाग उनकी उपेक्षा कर रहा है। बजट आने पर उन्हें नाममात्र का भुगतान दिया जाता है, जबकि उनके बजट को अन्य कार्यों में खपाया जा रहा है। विभाग ने उन्हें लीसा मोटर रोड डिपो में जमा करने के आदेश गत वर्ष अक्टूबर में दे दिया था। आदेश के बाद सभी ठेकेदारों ने लीसा डिपो में जमा कर दिया है। भुगतान के अभाव में अब उनके सामने श्रमिकों, खच्चारों आदि का भुगतान करने की चुनौती बनी हुई है। इसके अलावा आने वाले दिनों में नया लीसा का कार्य भी शुरू किया जाना है।

## नशा मुक्ति के लिए निकाली रैली

पिथौरागढ़। एलएसएम महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने नशा मुक्त देवभूमि को लेकर जागरुकता रैली निकाली। सोमवार को ऐंटी ड्रग सेल प्रभारी डॉ.हर्षिता जोशी के नेतृत्व में छात्र–छात्राओं ने महाविद्यालय से गुप्ता तिराहे तक रैली के माध्यम से लोगों को जागरुक किया।

कहा कि नशा युवा पीढी को खोखला कर रहा है,जिसके लिए अभिभावकों को सतर्क रहने की जरुरत है। इस दौरान प्राचार्य प्रो.पुष्कर सिंह बिष्ट, एनएसएस स्वंयसेवक तिलक राज पाठक, डॉ.सरोज वर्मा, डॉ.एसके आर्या, डॉ.नंदन सिंह कार्की, डॉ.मंजुल गोण्डवाल, डॉ.सरिता काराकोटी, डॉ.भानुप्रताप गौतम, सुनीता खोलिया मौजूद रहे।

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के घर पर चोरी



सितारगंज ।भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आदेश ठाकुर के घर में चोर ने हाथ साफ कर दिया चोर हजारों के जेवर व पाँच हजार की नगदी चुरा ले गया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आदेश ठाकुर वार्ड नंबर दो जेलकेम्प रोड पर रहते हैं वह 19 फरवरी की रात्रि अपने घर के द्वितीय तल में परिवार के साथ सो रहे थे सुबह पाँच बजे जब आदेश ठाकुर की पत्नी प्रथम तल के कमरे में आई तो देखा की अलमारी खुली है और कपड़े व सामान बिखरा है ।

आदेश को बुलाने पर वह नीचे आये सामान की जांच की गई तो पता चला कि चोरा आदेश की पत्नी का सोने का हार सोने के कान के झुमके मांग टीका व वहां रखे पाँच हज़ार रुपये चुरा ले गया था सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया आदेश ने चोरी की तहरीर कोतवाली में दे दी है बताया जाता है कि चोर दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसा व प्रथम तल में पहुंच कर घटना को अंजाम दिया घनी आबादी के बीच हुई इस वारदात से आसपास के निवासियों में भी दहशत है।

# नीलकंठ महादेव मंदिर में सुविधाओं का दुरूस्थ होना आवश्यक : सैनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने नीलकंठ महादेव मंदिर के दर्शन व पूजा अर्चना करने के उपरान्त नीलकंठ महादेव मन्दिर के पैदल मार्ग पर टाईल लगाने सम्बन्धी कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि नीलकंठ महादेव मन्दिर देश-विदेश के भक्तों की आस्था का केन्द्र होने के नाते यहां सुविधाओं का दुरुस्थ होना आवश्यक है। साथ ही रिकार्ड धार्मिक यात्रियों के आवागमन को देखते हुए नीलकंठ मन्दिर परिसर सहित समूचे पैदल मार्ग पर साफ-सफाई की व्यवस्था जैसी चुनौती से निपटने के लिए सभी रेखीय विभागों का अपसी समन्वय से कार्य करना आवश्यक है। सोमवार को राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने नीलकंठ महादेव मंदिर क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि शिव भक्तों की कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए सांसद निधि से 20 लाख रुपये की धनराशि व्यय की जायेगी। उन्होंने निर्माणदायी संस्था लोनिवि दुगड्डा को निर्देश दिये कि कांवड यात्रा 2023 से पुर्व सुदृढ़िकरण का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करें। कहा कि पैदल मार्ग पर टाईल लगने से पैदल यात्री सुगमता से अपनी यात्रा को पूरी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिवरात्री में नीलकंठ क्षेत्र में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियां सराहनीय थी, इसी प्रकार कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रयास जारी रखने होंगे। इस मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए एसके रॉय, तहसीलदार यमकेश्व मनजीत सिंह, ईई लोनिवि दुगड्डा डीपी सिंह, खण्ड विकास अधिकारी यमकेश्वर दृष्टि आनन्द, व्यापार मंण्डल अध्यक्ष नीलकंठ बृजेश चौहान, प्रबंधक नीलकंट धन सिंह राणा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी नीलकंठ महादेव मन्दिर के पैदल मार्ग पर टाईल लगाने का शिलान्यास करते हुए।

## कांग्रेस आज देगी सांकेतिक धरना

रुद्रप्रयाग : कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रशांत डोभाल के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कई प्रमुख समस्याओं पर कार्रवाई की मांग की है। डीएम को दिए ज्ञापन में नगर अध्यक्ष ने कहा कि केदारनाथ हाईवे के जागतोली से पोखरी मोटर मार्ग पर कोटेश्वर तिराहे के समीप बन रही सुरंग से यदि किसी भी व्यक्ति को नुकसान हुआ तो उसका मुआवजा दिया जाए। दोनों छोरों के अधीन यदि किसी भी भवन को क्षति पहुंचती है तो इसकी पूरी जबावदेही कार्यदायी संस्था की होगी। इसलिए प्रारंभिक तौर पर कार्यदाही संस्था व जिला प्रशासन को भवनों का आंकलन कर शीघ्र मुआवजे की व्यवस्था करानी चाहिए। कहा कि वर्तमान में निर्माणाधीन सुरंग के ऊपरी हिस्सों पर बसे गांव पर किसी भी प्रकार की हानि/छति होती हैं तो शीघ्र वर्तमान दरों के हिसाब से पीड़ितों को भुगतान किया जाए।

# भर्ती घोटाले व अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उत्तराखंड क्रांति दल ने अंकिता भंडारी हत्याकांड व भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच करवाने की मांग की है। यूकेडी ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द ही अंकिता भंडारी हत्याकांड व भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच करवाने की मांग उठाई है।

सोमवार को उत्तराखंड क्रांति दल ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान यूकेडी के पदाधिकारियों ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड के आरोपियों को राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक व न्यायिक संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई से जांच करवाते हुए अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। कहा कि प्रदेश में लगातार भर्ती घोटाले सामने आ रहे है। देहरादून में अपने लिए न्याय मांग रहे युवाओं को लाठीचार्ज किया जा रहा है। कहा कि भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच करवाते हुए भर्ती घोटालें में शामिल अधिकारियों, राजनेताओं व बेरोजगार युवाओं पर लाठीचार्ज करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर यूकेडी युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अर्जुन नेगी, केंद्रीय महामंत्री सुरेश चंद्र जुयाल, सहप्रभारी सुधीर रावत, अनिल तिवारी, राहुल ध्यानी आदि शामिल थे।

## बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करें

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली निरीक्षक रवि कुमार सैनी ने चार धाम यात्रा को देखते हुए श्रीनगर कोतवाली में टैक्सी यूनियनों, जीएमओयू, टीजीएमओयू, ट्रांसपोर्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा काला में बेहतर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को यातायात को सुचारू रखने के लिए सुझाव भी मांगें।

साथ ही विभिन्न रूटों के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा शराब पीकर वाहन न चलाने और सभी यातायात नियमों का पालन करने को लेकर विशेष ध्यान रखा जाए। (एजेंसी)

# बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया

श्रीनगर गढ़वाल : ब्रह्मा कुमारी श्रीनगर सेवा केंद्र द्वारा त्रिमूर्ति शिव जयंती के महत्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ भक्तिमय गीतों व आध्यात्मिक योग से लोगों को रूबरू कराते हुए बुराइयों से दूर रहने की प्रतिज्ञा और अच्छाइयों को धारण करने का दृढ़ संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में का शुभारंभ एनआईटी श्रीनगर के कुलसचिव डॉ. धमेन्द्र त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र धिरवाण, सीओ श्रीनगर एसडी नौटियाल, रंगकर्मी विमल बहुगुणा एवं राजयोगी बीके मेहर चंद द्वारा दीप प्रज्जवलित कर संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजयोगी बीके मेहर चंद ने शिवरात्रि महापर्व के बारे में बताया। मुख्य अतिथि एनआईटी के कुलसचिव डॉ.धमेन्द्र त्रिपाठी ने अध्यात्म से जुड़े रहने एवं भारतीय संस्कृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि सीओ श्रीनगर श्याम दत्त नौटियाल ने कहा कि आध्यात्मिक मार्ग हमें जीवन में दिव्य गुणों की धारणा करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वरिष्ठ रंगकर्मी विमल बहुगुणा ने गीत द्वारा समस्त देवी देवताओं का आह्वान किया। संचालन बीके नीलम ने किया। इस मौके पर डॉ. केके गुप्ता, नरेश नौटियाल, बीएन अंथवाल, भाजपा जिला मंत्री अनिता बुड़ाकोटी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


**खोया-पाया**

सूचित हो कि मेरा मूल बयनामा जो उप-निबन्धक कोटद्वार के बही I, जिल्द 397, पृष्ठ 151, एडी0बही I, जिल्द 582, पृष्ठ 283 से 292 पर क्रमांक 56 पर 06-01-2015 को पंजीकृत है कहीं गुम हो गया है, जो काफी तलाश के बाद भी नहीं मिल पाया है, जिस सम्बन्ध में मेरे द्वारा 20-02-2023 को थाना कोटद्वार में गुमशुदगी दर्ज करवायी है।

**दीपिका पत्नी स्व0 मोहित आनन्द**
**गोविन्द नगर, कोटद्वार गढ़वाल**
(0883/25)


# वन रैंक वन पेंशन के समर्थन में पूर्व सैनिकों ने दिया धरना

श्रीनगर गढ़वाल : पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति श्रीकोट के गौरव सैनानियों ने वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) की विसंगतियों पर गहरा रोष व्यक्त किया।

सोमवार को पूर्व सैनिकों ने दिल्ली के जंतर मंतर में चल रहे वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के समर्थन में स्थानीय गोला पार्क में धरना दिया। पूर्व सैनिकों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व सैनिकों ने कहा कि वन रैंक वन पेंशन में किया गया फेरबदल पूर्व सैनिकों को आहत करने वाला है।

विसंगतियों से पूर्व सैनिकों में निराशा है तथा उनका मनोबल कम हो रहा है।

धरना प्रदर्शन करते हुए पूर्व सैनिकों ने कहा कि यदि जल्द से मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो वह सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष दर्शन सिंह भंडारी, प्रेम सिंह रावत, अवतार सिंह नेगी, दीवान सिंह रावत, स्वरूप सिंह नेगी, जगमोहन सिंह बिष्ट, मस्तान सिंह, रामलाल कोटी, रामचंद्र सिंह, दीपक सिंह रौथाण, अनिल नौटियाल, जगदीश प्रसाद भट्ट, भरत, राकेश, देवेंद्र प्रसाद, रणजीत सिंह, राजेंद्र प्रसाद भट्ट, विकास मलासी, मनवर सिंह आदि मौजूद रहे।

## अब 15 मार्च को होगी परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय की आठ मार्च को होने वाली बीए/बीएससी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा स्थगित हो गई है। विवि के सहायक कुलसचिव (परीक्षा) अरविंद कुमार ने बताया कि आठ मार्च को होली का अवकाश है। जिसके कारण उक्त तिथि की परीक्षा अब 15 मार्च को होगी। (एजेंसी)

# ब्रांज मेडल जीतने पर मानसी को किया सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : गुलमर्ग जम्मू कश्मीर में आयोजित 5 दिवसीय खेलो इंडिया नेशनल विंटर गेम्स में उत्तराखंड की टीम से हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर की मानसी फर्स्वाण ने स्लालम में अल्पाइन स्की में बेहतर प्रदर्शन कर एक ब्रांज मेडल जीता। उत्तराखंड स्कीइंग टीम के कोर्डिनेटर संतोष सिंह ने जानकारी दी कि उत्तराखंड की अल्पाईन स्कीइंग टीम ने गुलमर्ग में सीमित संसाधनों के बलबूते 8 मेडल लाकर उत्तराखंड प्रदेश का नाम रोशन किया। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने बताया कि खेलो इंडिया नेशनल विंटर गेम्स में उत्तराखंड की टीम से गढ़वाल विवि की छात्रा मानसी को ब्रांज मेडल मिलने पर विवि में खुशी की लहर है। मानसी को कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने भी इसके लिए बधाई दी है। कहा खेलों में प्रतिभाग करने गुलमर्ग गई उत्तराखंड राज्य की टीम ने इंटरनेशन स्कीयर और मुख्य कोच विवेक पंवार की अगुवाई में हिमाचल,जम्मू कश्मीर,सेना, आईटीबीपी,जैसी मजबूत संसाधनों और अनुभवी स्कीयरों से सजी एथलीटों की टीम को कड़ी टक्कर दी है। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (₹) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी राशि (₹) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 29/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2022/चौथी कॉल जेडआरटीआई चंदौसी में विद्युत सुविधाओं के प्रतिस्थापन के लिए विद्युत कार्य। | 79,70,448.10 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 1,59,400/- | 4 (चार) माह | निविदायें दिनांक 14.03.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/ उत्तर रेलवे/ मुरादाबाद |
| 2. | 27/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./ /मुरा./2022/चौथी कॉल ओक ग्रोव स्कूल झड़ीपानी में विद्युत सुविधाओं के सुधार हेतु विद्युत कार्य। | 79,11,353.58 (जीएसटी सहित) | | 1,58,200/- | 4 (चार) माह | | |

निविदा सूचना सं. 07/2023 दिनांक 20.02.2023 553/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एनआईटी और टीएचडीसी-आईएचईटी के निदेशक ने किये एमओयू पर हस्ताक्षर

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड श्रीनगर और टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, टिहरी, उत्तराखंड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन पर एनआईटी की ओर से निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी और टीएचडीसी-आईएचईटी के निदेशक प्रो. सरद कुमार प्रधान ने एनआईटी के श्रीनगर परिसर स्थित सभागार में हस्ताक्षर किए।

प्रो. अवस्थी ने कहा कि टीएचडीसी–आईएचईटी के साथ यह समझौता पांच वर्षों की अवधि के लिए किया गया है। इसके उपरांत आपसी सहमति से इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोपावर के लिए सिविल, हाइड्रोलॉजी, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सहित अन्य क्षेत्रों में फैले तकनीकी कौशल के संयोजन की आवश्यकता होती है। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान उत्तराखंड राज्य और राष्ट्रीय हित की आवश्यकता के लिए विशिष्ट तकनीकी मानव संसाधन के सृजन में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। प्रो. सरद कुमार प्रधान ने भी समझौता ज्ञापन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रो. अवस्थी का समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा एनआईटी उत्तराखंड और टीएचडीसी-आईएचईटी के बीच शैक्षणिक सम्बन्ध की यह एक ऐतिहासिक पहल है। इस समझौते के तहत दोनों संस्थानों के शोध और अनुसंधान कार्य में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि यह टीएचडीसी-आईएचईटी के साथ हमारे आपसी संबंधों की शुरुआत है। मौके पर डॉ. हरिहरन मुथुसामी, डॉ. जीएस बरार, डॉ. स्मिता कलोनी, डॉ. सनत अग्रवाल, डॉ. पवन राकेश, डॉ. हरदीप आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## यात्रा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दूरस्थ करें : एसडीएम

चमोली : सोमवार को एसडीएम हिमांशु कफल्टिया ने यात्रा तैयारियों के लिए विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान एसडीएम ने तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले पड़ावों में सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में एसडीएम ने नगर पालिका को नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कहा। साथ ही यात्रा काल में वाहन पार्किंग की जानकारी भी जुटाई। वहीं शौचालयों और अन्य में साफ सफाई बरतने के निर्देश दिए।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांक 3848 / निविदा सूचना / 2022-23 दिनांक 16-02-2023

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 01.03.2023 की अपराह्न 3.30 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र का मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। यह निविदाएं दिनांक 02.03.2023 (वर्णित तिथि को अवकाश हो तो अगले कार्य दिवस) को सांय 3.00 बजे तक शाखा कार्यालय में जमा करायी जा सकेगी। प्राप्त निविदाएं उसी दिन सांय 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का कुल मूल्य कर सहित | ठेकेदार की पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोटद्वार नगरीय (मोटाढाक जोन) पेयजल योजना के अन्तर्गत खूनी बड स्थित पंचायत घर के समीप पाइन लाइन बिछाये जाने का कार्य। | 7000.00 | रू0 500.00 +GST | D |
| 2 | कोटद्वार नगरीय (मोटाढाक जोन) पेयजल योजना के अन्तर्गत खूनी बड स्थित पंचायत घर में नलकूप हेतु पम्प हाउस निर्माण का कार्य। | 7000.00 | रू0 500.00 +GST | D |

**शर्तें:-**

1- कार्य उत्तराखण्ड जल संस्थान के साइट इन्चार्ज के निर्देशानुसार करना होगा।
2- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- कार्य पूर्ण के 01 वर्ष पश्चात ही धरोहर राशि वापस की जायेगी।
4- ठेकेदार द्वारा लिफाफे पर योजना का नाम एवं ठेकेदार का पता अंकित होना अनिवार्य है।
5- निविदा क्रय करते समय विभागीय पंजीकरण की मूलप्रति प्रस्तुत करनी अनिवार्य है, जिसके अभाव में निविदा निर्गत नहीं की जायेगी।
6- निविदा प्रपत्र पर आयकर विभाग द्वारा जारी जी0एस0टी0 नं0 अंकित करना अनिवार्य होगा।
7- अधोहस्ताक्षरी को किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
8- धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा निरस्त मानी जायेगी।
9- सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी।
10- कार्यस्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा क्रय करें।
11- कार्य हेतु शेष शर्तें निविदा प्रपत्र पर दी गई शर्तों के अनुसार होगी।
12- अनुबन्धित फर्म/ठेकेदार द्वारा संतोषजनक रूप से कार्य नहीं किये जाने पर फर्म को विभाग द्वारा एक माह का नोटिस देकर किसी भी समय अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है तथा ऐसी स्थिति में सम्बन्धित फर्म की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी और किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**


# पूर्व सैनिकों ने पैदल मार्च कर जताया विरोध

चमोली : वन रैंक वन पेंशन में आ रही विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर थराली में पूर्व सैनिक संगठन ने थराली के देवाल तिराहे से लेकर तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च कर अपना विरोध जताया है। पूर्व सैनिकों ने प्रदर्शन कर सरकार से वन रैंक वन पेंशन में आ रही विसंगतियों को दूर करने की मांग की भी है।

सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व सैनिक संगठन थराली, देवाल एवं नारायण बगड़ ने तहसील परिसर में अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। बाद में उपजिलाधिकारी थराली के माध्यम से प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा जिसमे कहा गया गई कि वन रैंक वन पेंशन का लाभ सिर्फ पूर्व सैनिक अधिकारी वर्ग को ही मिल पा रहा है।

जबकि जेसीओ रैंक से नीचे वन रैंक वन पेंशन स्कीम में काफी विसंगतियां देखने को मिल रही है। जिसका निराकरण जल्द से जल्द सरकार को करना चाहिए।

ज्ञापन पर उमेद सिंह पंवार अध्यक्ष उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग, कुंवर सिंह, एमएस रावत आदि के हस्ताक्षर है।

**(एजेंसी)**

# छात्रों ने मेडिकल कॉलेज की सेवाओं के बारे में ली जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर के एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों में फील्ड विजिट की।

मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुपरिडेंट के निर्देश पर एमएसडब्ल्यू बिजेन्द्र सिंह, जतिन कहेड़ा, विजय प्रकाश जमलोकी, भवतोष एवं कॉउंसलर विजयलक्ष्मी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने आकस्मिक, गायनी, चाइल्ड, मनोरोग, टीबी चैस्ट, डॉट्स, आईसीटीसी, ब्लड बैंक इत्यादि विभागों में जाकर वहां दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

भ्रमण के दौरान छात्रों को विभिन्न विभागों में सरकार द्वारा मरीजों को दी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे व्यावहारिक रूप से बताया गया। अस्पताल प्रशासन द्वारा हॉस्पिटल के द्वारा आयुष्मान योजना, निक्षय मित्र योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व वंदन योजना, 104, 108, टेलीमेडिसिन के बारे में विस्तार से उन्हें बताया। मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहित सैनी द्वारा विभाग में मेडिकल सोशल वर्कर के कार्यों के बारे में बताया गया। मौके पर एमएसडब्ल्यू के प्रीति, विष्णु, गोकुल, देविका, सबिता, नासनीन, अनोल, एथीना, सार्थ, मुशर्रफ इत्यादि छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# कुछ अराजक तत्वों की वजह से हुआ लाठीचार्ज : कोठियाल

रुद्रप्रयाग : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने लिए सशक्त नकल विरोधी कानून बनाया है। 39 पेज के इस कानून की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जा रही है ताकि लोगों को इस एक्ट का सही पता चल सके। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्नल अजय कोठियाल (सेवानिवृत) ने मुख्यालय में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस कानून में युवा शक्ति के साथ ही समाज की भावनाओं का खयाल रखा है। भाजपा पार्टी कार्यलय में प्रेस वार्ता करते हुए कर्नल कोठियाल ने कहा कि समाज में कई ऐसी चीजें होती हैं जिसे देखकर हम विचलित हो जाते हैं। ऐसा ही पेपर लीक मामले में भी देखा गया। राज्य के लोग सख्त कानून की मांग कर रहे थे। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने शीघ्र नकल विरोधी कानून को मंजूरी दी है। कोठियाल ने कहा कि युवाओं पर लाठीचार्ज भी कुछ अराजक तत्वों के कारण हुआ। वह अब भी युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है। कहा कि हर युवा के भविष्य को देखते हुए सरकारी गजट के रूप में ऐक्ट बना दिया गया है। कहा कि परीक्षाओं के दौरान पेपर लीक या अराजकता फैलाने के आरोपियों को ऐक्ट में कड़ी सजा का प्राविधान रखा गया है। (एजेंसी)




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 07.03.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 14-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 15-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 16-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 17-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 | 18-GSU-MB-22-23-LT 17.02.2023 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Garhmukteshwar Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Kotdwar Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Nagina Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Seohara Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Harrawala Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 07.03.2023, 16:00 | 07.03.2023, 16:00 | 07.03.2023, 16:00 | 07.03.2023, 16:00 | 07.03.2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1409415.60 | 1559352.50 | 1463155.47 | 1575575.31 | 1499189.63 |
| धरोहर राशि | 28200.00 | 31200.00 | 29300.00 | 31500.00 | 30000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 | 21.02.2023 |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 20.02.2023 559/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# अभिभावकों पर दोहरी मार

यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षित परिवहन की दृष्टि से समूचे उत्तराखंड में इन दिनों अलग-अलग अभियान चल रहे हैं जिसमें नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने को भी फोकस किया गया है। इस दिशा में बड़े पैमाने पर नाबालिक लोगों द्वारा वाहन चलाने पर उन्हें दंडित किया जा रहा है हालांकि एक विडंबना यह भी है कि उत्तराखंड पुलिस का यह अभियान केवल स्कूली छात्रों तक सीमित है। प्रदेश के प्रमुख शहरों में सुबह खुलने के साथ ही स्कूल जाने की आपाधापी के बीच पुलिस ने सड़कों पर निकल रही है और उसका निशाना सीधे तौर पर वे स्कूली छात्र हैं जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है और मानकों के विपरीत वाहनों का प्रयोग कर रहे हैं। स्कूली छात्रों के लिए पुलिस का यह अभियान काफी कष्टकारी साबित हो रहा है और कई वाहन पुलिस द्वारा सीज किए गए हैं। नियमानुसार देखा जाए तो 18 वर्ष से कम के छात्रों को एक खास वर्ग से ऊपर के वाहन चलाने की अनुमति नहीं है लेकिन छात्र अधिकार क्षेत्र ऐसे ही वाहनों का प्रयोग कर रहे हैं जो उनकी उम्र के अनुरूप नहीं है। नाबालिक छात्रों द्वारा वाहन चलाने की कीमत उनके अभिभावकों को चुकानी पड़ रही है जिसके तहत ना केवल ҕ25000 का चालान काटा जा रहा है बल्कि वाहन भी सीज किए गए हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि आज भागा दौड़ी के इस दौर में जब छात्रों को ना केवल विद्यालय बल्कि विद्यालय के बाद अन्य गतिविधियों में भी दौड़ भाग करनी होती है तो इन परिस्थितियों में बिना वाहन के आखिर काम कैसे चले? सरकार भी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लाइसेंस बनाने के योग्य नहीं समझती लेकिन अब इस दिशा में भी कहीं ना कहीं केंद्र को एक बार पुनः चिंतन करने की जरूरत है। आज के आधुनिक परिवेश में ना केवल छात्र जल्दी परिपक्व हो रहे हैं बल्कि पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियां भी उनकी दिनचर्या में शामिल है। अभिभावकों के लिए यह संभव नहीं है कि वे दिन भर बच्चों को लेकर आ-जा सके। 18 वर्ष से कम बच्चों के लिए कुछ विशेष वाहन इस जांच किए गए हैं लेकिन गुणवत्ता एवं टिकाऊहोने के मामले में ऐसे वाहन अभी युवाओं की पसंद नहीं बन पा रहे हैं। इन परिस्थितियों में छात्र ऐसे वाहन प्रयोग कर रहे हैं जो अब उनके लिए आर्थिक तौर पर परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। पुलिस विभाग इस दिशा में कड़ा रवैया अपनाए हुए है। स्कूल के साथ परीक्षाओं की तैयारी में लगे छात्रों के लिए ऐसे समय में दोहरी कठिनाइयां पैदा हो गई है हालांकि अभिभावकों को पहले ही इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार नाबालिगों के लिए बनाए गए वाहन लेनी चाहिए। ऐसे वाहनों के प्रति उदासीनता इसलिए भी है क्योंकि सामान्य तौर पर ऐसे वाहन अभी हमारे देश में सफलता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं और इसका समाधान भी वाहन बनाने वाले उपक्रमों को निकालना होगा। आज के दौर में बिना वाहन के विद्यालय से लेकर अन्य कार्य सुगमता से संपन्न करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। नाबालिगों का वाहन चलाना अभिभावकों की जेब तो खाली कर ही रहा है साथ ही कहीं ना कहीं छात्रों एवं अभिभावकों को मानसिक उत्पीड़न से भी गुजरना पड़ रहा है।

# रेलवे सुरक्षा बल जयपुर में करेगा विश्व सुरक्षा कांग्रेस की मेजबानी

**अपरेशन सेवा के तहत आरपीएफ बुजुर्ग नागरिकों, महिलाओं, शारीरिक रूप से दिव्यांगों और बीमार एवं घायलों की यात्रा में मदद करता है। उनके लिए व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, चिकित्सा सहायता और शिशुओं के लिए खाने-पीने जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। में आरपीएफ ने ऐसे , से अधिक व्यक्तियों की सहायता की। आरपीएफ सतर्क अभियान के तहत निषिद्ध और अवैध सामान ले जाने के खिलाफ भी कार्रवाई करता है। आरपीएफ ने निषिद्ध वस्तुओं को ले जाने वाले लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित प्रशासन को सौंपा है। आरपीएफ ने हिमाचल प्रदेश, गुजरात, गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा आरपीएफ ने डिग्निटी अभियान के तहत देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले वयस्कों को बचाया।**



**अरुण कुमार**

रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भारत की एक प्रमुख सुरक्षा एवं कानून प्रवर्तन एजेंसी है। रेलवे संपत्ति की बेहतर तरीके से रक्षा एवं सुरक्षा के लिए में इसका गठन हुआ था। रेलवे संपत्ति की रक्षा एवं सुरक्षा की अपनी मुख्य भूमिका से आगे बढकर यह बल यात्री सुरक्षा एवं सुविधा की अतिरिक्त भूमिकाओं के लिए तत्पर हुआ। बदलते वक्त के साथ यात्री सुरक्षा और सुविधा से संबंधित भूमिका पर फोकस भी बढ़ रहा है। बल आज भारतीय रेलवे के उद्देश्यों को पूरा करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। आरपीएफ आज रेलवे और इसके लक्षित वर्ग की बदलती सुरक्षा जरूरतों को समझता है और खुद को कौशल एवं संसाधनों से लैस कर नए कदम उठा रहा है। वर्तमान में, आरपीएफ भारत का ऐसा केंद्रीय बल है, जिसके रैंक में महिलाओं की सबसे बड़ी हिस्सेदारी ( प्रतिशत) है। यह राष्ट्र और इसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने दायरे और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। व्यापक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आरपीएफ ने यात्रियों को चोरी, मानव तस्करी, आत्महत्या के प्रयास, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य अपराधों से बचाने के उद्देश्य से कई अभियान शुरू किए हैं।

सबसे उल्लेखनीय अभियानों में से एक रेल सुरक्षा है। इस अभियान में आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति से जुड़े अपराधों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की और रेलवे संपत्ति की चोरी के मामले दर्ज किए। , अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ ही .करोड़ रुपये मूल्य की चोरी की गई रेलवे संपत्ति बरामद की गई।

आरपीएफ बच्चों को बचाने और उनकी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। में एक व्यापक अभियान नन्हे फरिश्ते चलाया गया। यह ट्रेनों या रेलवे स्टेशनों पर पाए जाने वाले बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए शुरू किया गया था। सालभर के दौरान , बच्चों को आरपीएफ कर्मियों ने टुड़ाया।

एक और महत्वपूर्ण अभियान मानव तस्करी के खिलाफ शुरू किया गया अपरेशन एएएचटी है। मानव तस्करी रोकने के लिए भारतीय रेलवे के से ज्यादा स्थानों पर आरपीएफ मानव तस्करी विरोधी यूनिट शुरू की गईं। सालभर के दौरान तस्करों की गिरफ्तारी के साथ लोगों को उनके चंगुल से बचाया गया।

मिशन जीवन रक्षा के तहत दूसरों की जान बचाने के लिए आरपीएफ के जवान अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। सालभर के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने जानें बचाईं। अपरेशन नार्कोस शुरू करने के साथ ही आरपीएफ को रेलवे के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए सशक्त किया गया है। वर्ष के दौरान, आरपीएफ ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया और करीब करोड़ रुपये मूल्य के एनडीपीएस को जब्त करने में सफलता मिली।

अपरेशन अमानत के जरिए आरपीएफ खोए हुए सामान को हासिल कर उसे असली मालिकों को लौटा रहा है। साल के दौरान आरपीएफ ने . करोड़ से अधिक मूल्य के करीब , सामान बरामद किए। अपरेशन डब्ल्यूआईएलईपी के तहत आरपीएफ रेलवे के जरिए वन्यजीवों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रहा है। साल के दौरान अवैध व्यापार के मामलों का पता चला और लोगों को गिरफ्तार किया गया।

यात्रियों को सफर के दौरान रीयल-टाइम सुरक्षा संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए आरपीएफ ने अपरेशन यात्री सुरक्षा शुरू किया है। आपातकालीन प्रतिक्रिया पहल के तहत यात्रियों को तत्काल सुरक्षा संबंधी सहायता प्रदान की जाती है। सालभर के दौरान इसके लिए लाख से अधिक कल प्राप्त हुए।

आरपीएफ ने अकेले या नाबालिगों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए मेरी सहेली पहल शुरू की। सभी जोनल रेलवे में महिला आरपीएफ कर्मियों की टीमें बनाई गईं और उन्हें आईटी मड्यूल से लैस किया गया जिससे वे ऐसी महिलाओं तक पहुंच सकें जिन्हें सुरक्षा एवं भरोसे की आवश्यकता होती है।

मातृशक्ति अभियान के साथ आरपीएफ रेल यात्रा के दौरान प्रसव पीड़ा पर गर्भवती महिलाओं की हरसंभव मदद करता है। सालभर में आरपीएफ की महिला कर्मियों ने ऐसे बच्चों के जन्म में सहायता की।

अपरेशन सेवा के तहत आरपीएफ बुजुर्ग नागरिकों, महिलाओं, शारीरिक रूप से दिव्यांगों और बीमार एवं घायलों की यात्रा में मदद करता है। उनके लिए व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, चिकित्सा सहायता और शिशुओं के लिए खाने-पीने जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। में आरपीएफ ने ऐसे , से अधिक व्यक्तियों की सहायता की।

आरपीएफ सतर्क अभियान के तहत निषिद्ध और अवैध सामान ले जाने के खिलाफ भी कार्रवाई करता है। आरपीएफ ने निषिद्ध वस्तुओं को ले जाने वाले लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित प्रशासन को सौंपा है।

आरपीएफ ने हिमाचल प्रदेश, गुजरात, गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा आरपीएफ ने डिग्निटी अभियान के तहत देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले वयस्कों को बचाया।

अंतरराष्ट्रीय रेल संघ (यूआईसी) और रेलवे सुरक्षा बल साथ मिलकर जयपुर में से फरवरी तक वीं विश्व सुरक्षा कांग्रेस का आयोजन कर रही है। यूआईसी की स्थापना में पेरिस में हुई थी। यह दुनियाभर में रेलवे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला एक पेशेवर संघ है जो रेल क्षेत्र में सहयोग, मानकीकरण और सूचनाओं को साझा करने को बढ़ावा देता है। यूआईसी का सुरक्षा मंच अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन, नीतियों को बनाने और विश्लेषण के लिए जिम्मेदार है। इसके साथ ही यह यूआईसी सदस्यों के सुरक्षा निदेशकों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान और सर्वोत्तम कार्य प्रणाली को बढ़ावा देता है।

यूआईसी का विश्व सुरक्षा कांग्रेस एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसमें सदस्य रेलवे संगठनों के सुरक्षा प्रमुखों, यूआईसी, भारतीय रेलवे-आरपीएफ के प्रतिनिधि और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं। कांग्रेस तकनीकी सहयोग, साझेदारी और रेलवे सुरक्षा के सर्वोत्तम तरीकों व उपायों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। भारत की प्रमुख सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसी आरपीएफ यूआईसी सुरक्षा प्लेटफर्म का एक सक्रिय सदस्य रहा है। भारत ने और में नई दिल्ली में यूआईसी विश्व सुरक्षा कांग्रेस का सफलतापूर्वक आयोजन और मेजबानी की थी।

आरपीएफ के महानिदेशक ने यूआईसी सुरक्षा मंच के माध्यम से अपनी चिंताओं को दूर करने के लिए एशिया, अफ्रीका और कई दूसरे विकासशील देशों में काम करने वाले सदस्य संगठनों की भागीदारी बढ़ाने के उपाय किए हैं।

जयपुर में रेलवे सुरक्षा रणनीतिरू प्रतिक्रियाएं और भविष्य के लिए दृष्टिकोण विषय पर आयोजित होने वाली वीं विश्व सुरक्षा कांग्रेस दुनियाभर में रेल परिवहन की सुरक्षा को बढ़ावा देने की यूआईसी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत के जी- राष्ट्रों के समूह की अध्यक्षता संभालने और आरपीएफ महानिदेश-ाक के यूआईसी सुरक्षा मंच के अध्यक्ष के रूप में काम करने के साथ ही यह कार्यक्रम रेलवे सुरक्षा की दिशा में एक प्रमुख वैश्विक आयोजन साबित होने जा रहा है। आशा है कि रेलवे सुरक्षा बल(आरपीएफ) के नेतृत्व में जयपुर में होने वाली वीं यूआईसी विश्व सुरक्षा कांग्रेस रेलवे सुरक्षा के इतिहास में एक ऐतिहासिक समारोह

# ये स्लोडाउन के संकेत हैं

वैश्विक बाजार पर मंडराती मंदी के कारण निर्यात घटे हैं और निर्यात की चीजों बनाने के लिए लिए जरूरी आयात घटा है, तो यह चिंता की बात है। इसका मतलब यह है कि देश में कारोबारी गतिविधियां धीमी हो रही हैं।

इस वर्ष जनवरी में भारत का निर्यात गिरा और आयात उससे भी ज्यादा गिरा। नतीजा यह हुआ कि व्यापार घाटा उसके पहले के महीने की तुलना में कम हो गया। व्यापार घाटा कम होना अच्छी बात होती है, लेकिन अगर ऐसा अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में गिरावट के कारण हो, तो उसे स्वस्थ पहलू नहीं माना जाता। आयात अगर देश के अंदर उत्पादन बढने के कारण घटता, तो समझा जाता कि निर्यात घटने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था सकारात्मक दिशा में है।

लेकिन चूंकि वैश्विक बाजार पर मंडराती मंदी के कारण निर्यात घटे हैं और निर्यात की चीजों बनाने के लिए लिए जरूरी आयात घटा है, तो यह चिंता की बात है। इसका मतलब यह है कि देश में कारोबारी गतिविधियां धीमी हो रही हैं। कारोबारी गतिविधियां धीमी होने का सीधा असर रोजगार की स्थिति पर पड़ता है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक सोने का आयात घटा है, और साथ ही भारत से होने वाले जेवरात के निर्यात में भी गिरावट आई है। इसका साफ मतलब है कि जेवरात उद्योग की मुश्किलें बढ़ी हैं। यही स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी हो सकती है। जिस समय मांग, उपभोग, रोजगार और आमदनी की हालत पहले ही कमजोर हो, उस समय ये तमाम सूचनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं।

पिछले महीने के खुदरा महंगाई के आंकड़ों से भी इस समस्या के और गंभीर होने के संकेत मिले हैं। लेकिन अफसोस की बात यह है कि देश की सरकार और मीडिया जमीनी अर्थव्यवस्था की इस असल सूरत पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय आर्थिक वृद्धि दर के अयथार्थ नैरेटिव और शेयर मार्केट की चमक के जरिए खुशफहमी का माहौल बनाए रखने में व्यस्त हैं। उन्होंने पूरी ताकत खुशहाली और खुशफहमी का फर्क मिटाने अथवा उससे ध्यान हटाने में लगा रखी है। बहरहाल, यह बात सबको ध्यान में रखनी चाहिए कि ऐसी खुशफहमियां हमेशा कायम नहीं रह सकतीं। अगर आम इनसान की जिंद्गी लगातार मुहाल होती जाएगी तो देर-सबेर खुशफहमियां टूटेंगी। फिलहाल, यह कठोर हकीकत सामने है कि देश की बहुसंख्यक आबादी की रोजमर्रा की जिंद्गी रोज ही अधिक मुहाल होती जा रही है। आयात-निर्यात आंकड़ों ने इस बात एक बार फिर से पुष्टि की है।

# बीबीसी को लेकर




**अजय दीक्षित**

पहले गुजरात दंगों को लेकर वीवीसी द्वारा बनाई गई डाक्यूमेंटरी को वैन किया गया। फिर कुछ दिन बाद इनकम टेक्स विभाग ने वीवीसी के दफ्तरों में जाकर अकांउट्स की जांच शुरू कर दी। ऐसा होते ही वीवीसी को लेकर वहसें होने लगीं। विपक्षियों ने इसे मीडिया की आजादी पर हमला कहा। कई का मानना रहा कि दुनिया बीबीसी की खबरनवीसी पर भरोसा करती है। मानते हैं कि खवर वनाने के उसके मानक ऊंचे हैं। उसे वैन करना बदले की का-र्रवाई है। इसके वरक्स बीबीसी के आलोचक कहते रहे कि वीवीसी अव भी कलोनियल संस्था है। अपने पूर्व उपनिवेशों को अब भी उपनिवेश की तरह लेती है और उनके अंदरूनी मामलों में दखल देती रहती है.इसी आधार पर एक वार इंदिरा गांधी ने भी वीवीसी पर वैन लगाया था। उसके दफ्तर सील कर दिए थे। उसके स्टाफ को वापस भेज दिया था.. । इस वैन का कारण था बीबीसी द्वारा देश के तव के हालात को अपने पूर्वाग्रही नजरिए से बताना । वीवीसी का नजरिया तव की जनतांत्रिक सत्ता को निरंकुशतावादी वताता था । उसकी खवरें देश की शांति व्यवस्था के लिए खतरा नजर आती थीं । इसलिए इन्दिरा गांधी ने उसे वैन किया था। इन दिनों के वैन करने वाले यही कहते हैं। कि इन्दिरा गांधी ने भी तो अपने वक्त में बीबीसी को वैन किया था । हमने किया तो क्या गुनाह किया? आखिर, वह फिर से भारत की छवि को विदूपित करने के चक्कर में है। उसकी डाक्यूमेंटरी झूठ का पुलिंदा है । जव देश के सुप्रीम कोर्ट ने तव के गुजरात के सीएम और अव पीएम को गुजरात के दंगों में किसी भी प्रकार से लिप्त न पाकर, सभी आरोपों से बरी कर दिया तव वीवीसी क्यों गड़े मुरदे उखाड़ रही है? क्या वह सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर है? ऐसे आलोचकों का मानना है कि गुजरात के दंगों को फिर से कुरेदना बीबीसी की नव्य औपनिवेशिक राजनीति का हिस्सा है। आलोचक मानते हैं कि इस झूठी कहानी को गढ़ा है जेक स्ट्र नामक गोरे नेता ने जो खुद इंग्लैंड के इस्लामिक तत्ववादियों से जुड़ा है, जो अक्सर ऐसी झूठी खबरें गढकर किसी हिट मैन की तरह काम करता है।

जव भारत की इकनमी उठान पर है, भारत को दुनिया में ताकतवर राष्ट्र के रूप में गिना जाने लगा है, दुनिया के देशों और बाजारों में छाई मंदी और मुर्दनी के बावजूद इण्डिया की ग्रोथ की कहानी सबसे बेहतरीन दर से बढ़ रही है, और उसकी इकनमी ने इंग्लैंड को भी पीटे छोड़ दिया है, ऐसे में यह डाक्यूमेंटरी लाई गई है। बीबीसी के आलोचक यह भी मानते हैं कि पीएम मोदी आज के भारत की तेज ग्रोथ की कहानी के महानायक हैं। भारत के विकास के सबसे बड़े प्रतीक हैं। ऐसे पीएम की छवि पर की जाती चोट, देश पर की जाती चोट है। उनकी छवि गिरती है तो इंडिया की छवि भी गिरती है और वाजार के सेंटीमेंट डाउन होते हैं। इस डाक्यूमेंटरी को इण्डिया की ग्रोथ की कहानी को डाउन करने के लिए बनाया गया है, इसलिए इसे वैन करना उचित है । वे यह भी कहते हैं कि सिर्फ सार्वजनिक प्रदर्शन पर ही रोक लगाई गई है, इंदिरा की तरह दफ्तर सील नहीं किए हैं, न कर्मचारियों को भगाया ही है। ऐसे आलोचक इस सबको देश के खिलाफ तिहरी साजिश की तरह देखते हैं जैसे कि पहले वीवीसी की डाक्यूमेंटरी का आना, फिर विश्व वाजार में शर्ट सेलिंग के उस्ताद हिंडनवर्ग की रिपोर्ट का आना और दुनिया के नंबरी सेठ अडाणी का गिरना और फिर दुनिया के सट्टाखोर अरवपति जर्ज सोरोस का मोदी और अडाणी के खिलाफ बोलना और अगले चुनाव में मोदी के न जीतने देने की वात कहना।

एक ही पखवाड़े में एक नहीं, दो नहीं, तीन तीन हमले और वो भी विदेशी संस्थाओं के हम किसी तटस्थ व्यक्ति को यह बताने के लिए काफी है कि भारत को घेरा जा रहा है, और हमारे अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। जव सोरोस जैसा सटोरिया एक अरब डलर का फण्ड देकर खुलेआम इण्डिया को फेल करने, यहां के कई मीडिया व नीति संस्थानों को डलर देने का खेल खेलता हो, जिसके लोग हिंडनवर्ग से लेकर भारत जोड़ो तक से जुड़े दिखते हों वहां सत्ता पक्ष के तर्क और भी दमदार नजर आते हैं। फिर भी हमारा मानना है कि वीवीसी को वैन

# केराटिन ट्रीटमेंट के बाद बालों की देखभाल के लिए अपनाएं ये तरीके

केराटिन बालों को सीधा करने वाला ट्रीटमेंट है। यह रासायनिक प्रक्रिया केराटिन (बालों में पाया जाने वाला एक रेशेदार प्रोटीन) की कमी को पूरा करके बालों को सीधा और चमकदार बना सकती है। हालांकि, केराटिन ट्रीटमेंट के फायदे बरकरार रखने और बालों को टूटने से बचाने के लिए जरूरी है कि आप अपने बालों की खास देखभाल करें। आइए आज हम आपको केराटिन बालों की देखभाल से जुड़े कुछ उपाय बताते हैं।

हीट स्टाइलिंग उपकरणों का कम करें इस्तेमाल

अगर आपने हाल ही में केराटिन ट्रीटमेंट करवाया है तो ऐसे हीट स्टाइलिंग उपकरणों का इस्तेमाल कम से कम करें और इस्तेमाल के दौरान इनका ताप सामान्य से मध्यम ताप सीमा में रखें। इसका कारण है कि कर्लिग आयरन, ब्लो ड्रायर और स्ट्रेटनर जैसे हीट स्टाइलिंग उपकरणों के इस्तेमाल से बालों की नमी दूर होने लगती है, जिससे वे शुष्क और बेजान हो सकते हैं। ऐसे बाल आसानी से टूट सकते हैं।

**सही तरह से करें उत्पादों का इस्तेमाल**

केराटिन ट्रीटमेंट के बाद उसी तरह से उत्पादों का इस्तेमाल करें, जो सैलून वाले न बताया हो। जैसे कि हफ्ते में दो बार बालों को शैंपू और कंडीशनर करना और हफ्ते में एक बार हेयर मास्क लगाना आदि। आप अपने बालों की देखभाल के प्रति जितने सतर्क रहेंगे, बालों को नुकसान पहुंचने की संभावना उतनी ही कम होगी। इसके अतिरिक्त सल्फेट वाले उत्पादों का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि इनसे स्कैल्प और बालों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**असाई तेल का करें इस्तेमाल**

असाई तेल विटामिन्स, एंटीअक्सिडेंट और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो बालों को गहराई से पोषण देने में मदद कर सकते हैं। यह न केवल स्कैल्प के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है, बल्कि बालों को मजबूती प्रदान करने में भी कारगर हो सकता है।

> केराटिन ट्रीटमेंट के बाद उसी तरह से उत्पादों का इस्तेमाल करें, जो सैलून वाले न बताया हो। जैसे कि हफ्ते में दो बार बालों को शैंपू और कंडीशनर करना और हफ्ते में एक बार हेयर मास्क लगाना आदि। आप अपने बालों की देखभाल के प्रति जितने सतर्क रहेंगे, बालों को नुकसान पहुंचने की संभावना उतनी ही कम होगी। इसके अतिरिक्त सल्फेट वाले उत्पादों का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि इनसे स्कैल्प और बालों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

केराटिन ट्रीटमेंट के बाद भी इस तेल का इस्तेमाल करना लाभदायक हो सकता है। यह बालों की जड़ों को नमीयुक्त बनाए रखने में सहायक है।

**रसायन युक्त उत्पादों का न करें इस्तेमाल**

बाजार में मौजूद केराटिन बालों की देखभाल के लिए उत्पाद कितने प्रभावी होते हैं यह तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन इनमें मौजूद हानिकारक रसायनों से बालों को काफी नुकसान जरूर पहुंच सकता है। ऐसे में अगर आप इनकी जगह अगर प्रातिक तत्वों से भरपूर उत्पादों और नैचुरल ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करते हैं तो इससे केराटिन बालों की खूबसूरती और मजबूती को बरकरार रखा जा सकता है।

**ब्लीच से बनाएं दूरी**

अगर आप अपने केराटिन बालों पर ब्लीच कराने की सोच रहे हैं तो जरा रूकिए क्योंकि इससे आपके बालों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। केराटिन ट्रीटमेंट के तीन या चार सप्ताह बाद ही बालों पर ब्लीच जैसे उत्पादों का इस्तेमाल करें। इसके अतिरिक्त क्लोरीन युक्त पानी से भी दूरी बनाएं क्योंकि इनके बालों की चमक पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसलिए अगर आप एक तैराक हैं तो केराटिन के तीन-चार सप्ताह बाद ही तैराकी करें।

# व्हाइटहेड्स से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

व्हाइटहेड्स बिना सूजन वाले मुंहासें होते हैं और ये त्वचा के रोमछिद्रों में गंद्गी, बैक्टीरिया और अतिरिक्त सीबम के फंसने से होते हैं। गर्भावस्था, मासिक धर्म और मेनोपज के दौरान होने वाला हार्मोनल असंतुलन व्हाइटहे-ड्स का मुख्य कारण है। इसके अतिरक्त अधिक वसायुक्त आहार, तैलीय सौंदर्य उत्पाद और आनुवांशिकता भी इसके कारण हो सकते है। ऐसे में आइए आज इनसे टुटकारा दिलाने में मदद करने वाले पांच घरेलू नुस्खों को के बारे में जानते हैं।

**एलोवेरा और नींबू के तेल का मिश्रण है असरदार**

एलोवेरा में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-एक्ने गुण होते हैं। यह त्वचा को मइस्चराइज करता है और कोलेजन उत्पादन बढ़ाता है। इसी तरह नींबू के छिलके का तेल व्हाइटहेड्स पैदा करने वाले बैक्टीरिया के खिलाफ प्रभावी है। लाभ के लिए एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल में नींबू के छिलके के तेल की कुछ बूंदें मिलाएं। इसके बाद तैयार मिश्रण को प्रभावित जगह पर लगाकर तीन-चार मिनट तक मसाज करें। - मिनट के बाद त्वचा को पानी से साफ कर लें।

**मुनका शहद भी है प्रभावी**

मुनका शहद में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं और यह व्हाइटहेड्स पैदा करने वाले बैक्टीरिया पी एक्ने और एस अरियस स्ट्रेन को कम कर सकता है। लाभ के लिए एक बड़ी चम्मच मुनका शहद को हल्का गर्म करके प्रभावित क्षेत्रों पर लगाएं। इसे मिनट तक त्वचा पर लगा रहने दें और फिर साफ पानी से धो लें। जब तक व्हाइटहेड्स दूर न हो जाए तब तक इस उपाय को हर दिन दोहराएं।



**सेब का सिरका आएगा काम**

सेब का सिरका एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं और ये व्हाइटहेड्स को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक कटोरी में सेब के सिरके और पानी की बराबर मात्रा मिलाएं और इसे रूई से सीधे व्हाइटहेड्स से प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इसे कुछ मिनट के लिए प्रातिक रूप से सूखने के लिए छोड़ दें। इस दौरान ध्यान रखें कि इस उपाय के बाद त्वचा को धोना नहीं है।

**बेकिंग सोडा भी कर सकता है मदद**

बेकिंग सोडा में एक्सफोलिएटिंग गुण होते हैं। यह अशुद्धियों और त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करके व्हाइटहेड्स को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए दो-तीन चम्मच बेकिंग सोडा और पानी मिलाकर इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं और फिर - मिनट के बाद त्वचा को गुनगुने पानी से धो लें। व्हाइटहेड्स पूरी तरह खत्म होने तक इस उपाय को हफ्ते में एक-दो बार दोहराएं।

**हल्दी भी है कारगर**

हल्दी में करक्यूमिन, एंटी-बैक्टीरियल गुण और एंटीअक्सीडेंट गुण होते हैं, जो किसी भी प्रकार के मुंहासों को प्रभावी रूप से कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए आधा चम्मच हल्दी पाउडर में पानी या शहद मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें और फिर इसे व्हाइटहेड्स पर लगाएं। - मिनट के बाद त्वचा को गुनगुने पानी से साफ कर लें। रोजाना दिन में दो बार इस उपाय को दोहराएं।

## पाकिस्तान में बस खाई में गिरने से 15 बारातियों की मौत, 60 घायल

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारातियों को ले जा रही एक तेज रफ्तार बस खाई में गिरने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस्लामाबाद से लाहौर जा रही बस रविवार देर रात लाहौर से लगभग 240 किलोमीटर दूर कल्लार कहार साल्ट रेंज क्षेत्र में पलट गई। बचाव सेवा के अधिकारी मुहम्मद फारूक ने सोमवार को बताया, बस पलटने से पहले विपरीत दिशा से आ रहे तीन वाहनों से टकराई और खाई में गिर गई। बस में शादी समारोह से लौट रहे लोग सवार थे। आपातकालीन बचाव सेवा श रेस्क्यू 1122श ने बताया कि ब्रेक के काम बंद कर देने के कारण दुर्घटना हुई। फारूक ने कहा कि मृतकों और कई घायलों को बस काटकर बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा, घायलों को रावलपिंडी और इस्लामाबाद के अस्पतालों में ले जाया गया है, जहां उनमें से 11 की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि मृतकों में छह महिलाएं शामिल हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## ब्राजील के उत्तरी साओ पाउलो में भारी बारिश, बाढ़ से 36 लोगों की मौत

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के उत्तरी साओ पाउलो राज्य में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 36 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि हताहतों की संख्या अभी बढ़ सकती है। साओ पाउलो राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि साओ सेबस्टियाओ शहर में 35 लोगों की मौत हुई है जबकि उबातुबा में 7 वर्षीय लड़की की मौत की खबर है। खबरों के अनुसार, साओ सेबस्टियाओ, उबातुबा, इल्हाबेला और बर्टिओगा के शहर सबसे बुरी तरह प्रभावित कुछ इलाकों में शामिल हैं। यहां आपदा के हालात हैं जिसके मद्देनजर कार्निवल उत्सव रद्द कर दिया गया है। वहीं, बचाव दल लापता, घायल और मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं। साओ सेबेस्टियाओ के महापौर फेलिप अगस्टो ने कहा,हमारे बचाव दल कई स्थानों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के कारण दर्जनों लोग लापता हैं और 50 से ज्यादा घर ढह गए हैं। अगस्टो ने सोशल मीडिया पर शहर में व्यापक तबाही के कई वीडियो पोस्ट किए। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला डा सिल्वा ने ट्विटर पर कहा कि वह प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। साओ पाउलो राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि क्षेत्र में एक दिन में 600 मिलीमीटर (23.6 इंच) से अधिक बारिश हुई है जो इतनी कम अवधि में ब्राजील में अब तक हुई सबसे ज्यादा बारिश है। राज्य सरकार ने कहा कि अकेले बर्टियोगा में इस अवधि के दौरान 687 मिलीमीटर बारिश हुई।

## पटना पार्किंग पर विवाद के बाद दबंगों ने 5 लोगों को मारी गोली

**पटना, एजेंसी ।** बिहार की राजधानी पटना में पार्किंग को लेकर शुरू हुए विवाद ने भयानक झगड़े का रूप ले लिया जिसके बाद पांच लोगों को गोली मार दी गई। इस घटना में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। गोलीबारी में एक ही परिवार के गौतम कुमार और रौशन कुमार नामक युवक की हुई मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जहां आरोपी उमेश राय के घर पर जमकर पथराव और रा-ड़ेबाजी की। वहीं उमेश राय के घर, सामुदायिक भवन, आईटीआई सेंटर और गोदाम को भी आग के हवाले कर दिया।

# पीएम ने की ऑपरेशन दोस्त की तारीफ,भूकंप प्रभावित तुर्किये से लौटे बचाव दल के जांबाजों से की बात



**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एनडीआरएफ और अन्य संगठनों के लोगों से बात की। इन लोगों ने तुर्किये और सीरिया में आए भीषण भूकंप के बाद बचाव अभियान में हिस्सा लिया था। भारत की ओर से भेजे गए बचाव दल ने भूकंप प्रभावित देशों में कई जानें बचाईं। पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान अपरेशन दोस्त की तारीफ की। एनडीआरएफ के डीजी अतुल करवाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अपरेशन दोस्त से जुड़ी पूरी टीम, एनडीआरएफ हो, सेना हो, वायुसेना हो या हमारी दूसरी से-वाओं के साथी हों, सभी ने बेहतरीन काम किया है। यहां तक कि हमारे बेजुबान दोस्तों डग स्क्वड के सदस्यों ने भी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया है। पीएम मोदी ने कहा कि अपरेशन दोस्त मानवता के प्रति भारत के समर्पण और संकट में राष्ट्रों के साथ खड़े होने की हमारी प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। हमेशा दुनिया के किसी भी हिस्से में किसी भी आपदा के लिए भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देता है।

उन्होंने कहा कि हमारी संसति ने हमें वसुधैव कुटुंबकम की सीख दी है। इसलिए तुर्किये हो या फिर सीरिया पूरी टीम ने इन्हीं भारतीय संस्कारों का प्रदर्शन किया है। हम पूरे विश्व को एक परिवार मानते हैं। देश कोई भी हो, अगर बात मानवता की है, मानवीय संवेदना की है तो भारत मानव हित को सर्वोपरि रखता है। उन्होंने कहा कि तुर्किये में भूकंप के बाद आप सभी जितनी जल्दी वहां पहुंचे, इसने पूरे विश्व का ध्यान आपकी ओर खींचा है।

ये आपकी तत्परता और तैयारी को दिखाता है। आपका प्रशिक्षण आपकी कुशलता को दिखाता है। हमारी संसति ने हमें श्वसुधैव कुटुम्बकमश की सीख दी है। इसलिए तुर्किए हो या फिर सीरिया हो, पूरी टीम ने इन्हीं भारतीय संस्कारों का प्रदर्शन किया है।हम पूरे विश्व को एक परिवार मानते हैं।

उन्होंने कहा कि जब कोई अपनी मदद खुद कर सकता है तो आप उसे सेल्फ सफिसिएंट कह सकते हैं, लेकिन जब कोई दूसरों की मदद करने में सक्षम होता है तो वो सेल्फलेस होता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि तिरंगा लेकर हम जहां भी पहुंचते हैं, वहां लोगों को एक आश्वासन मिल जाता है कि अब भारत की टीमें आ चुकी हैं, तो हालात ठीक होने शुरू हो जाएंगे।

तिरंगे की यही भूमिका हमने कुछ समय पहले यूक्रेन में देखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सभी ने वो तस्वीरें देखी हैं जहां एक मां माथे पर चूम कर आपको आशीर्वाद दे रही थी। 2001 में जब गुजरात में भूकंप आया था, तब मैंने वलंटियर के तौर पर काम किया था और मैंने लोगों को बचाने में आने वाली दिक्कतों को देखा है।

## आईसीबीएम परीक्षण के दो दिन बाद उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षण किया : दक्षिण कोरिया

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने पिछले तीन दिनों में अपना दूसरा मिसाइल परीक्षण किया है। सोमवार को उसने अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र में कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया जिससे क्षेत्र में अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास के मद्देनजर फिर से तनाव बढने की आशंका है। उत्तर कोरिया इस अभ्यास को हमले की तैयारी के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया ने शनिवार को अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था और उसने अमेरिका-दक्षिण कोरिया अभ्यास को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। अपने प्रतिद्वंद्वियों के साथ उत्तर कोरिया की बातचीत रुकी हुई है और अमेरिकी प्रतिबंधों में टूट को लेकर दबाव बनाने के इरादे से वह अपनी सैन्य क्षमता में इजाफा कर रहा है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स अफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि दक्षिण कोरिया को सोमवार को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के उत्तर में पश्चिम तटीय शहर से दो मिसाइलों के परीक्षण का पता चला है।

## सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : आशुतोष गंगल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री आशुतोष गंगल ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों तथा मंडल रेल प्रबंधकों के साथ आज प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ह्ली में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक में अन्ह्य विषयों के साथ-साथ प्लेटफर्मों का विस्तार, प्लेटफर्मों की सतह का ऊँचा करने, वाशेबल एप्रन, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट-ओवर-ब्रिजो, एस्केलेटरों, लिफ्टों, पंखों, पेयजल, लाइटिंग, यात्री उदघोषणा प्रणाली, दिव्यांगजनों के लिए शौचालय, मुख्ह्य द्वार सहित स्टेशन भवन का सुधार जैसी यात्री सुविधाएं स्ह्टेशनों पर उपलब्ह्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गयी । उन्ह्होंने गतिशीलता वृद्धि तथा अन्ह्य विकासात्ह्मक ढंचागत कार्यों तथा माल लदान की प्रगति की भी समीक्षा की ।

उन्होंने रेलगाडियों की समयपालनबद्धता के बेहतर रिकर्ड के बनाए रखने और गतिशीलता वृद्धि से जुडे कार्यों की प्रगति जंचने के लिए चलाए गए अभियानों में तेजी लाने के निर्देश दिए । उन्ह्होंने जोन पर रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने और रेल पथों के निकट पडे स्क्रैप को हटाने के कार्य की समीक्षा भी की । महाप्रबंधक ने रेलपथों के किनारों पर उग आई वनस्ह्पतियों को हटाने और पेड़ों की टँटाई करने के कार्यों का जायजा लिया ।श्री गंगल ने ये भी बताया कि भारतीय रेल द्वारा ट्रेन के पटरी से उतरने, सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दिनांक 19.02.2023 से एक महीने तक चलने वाले गहन सुरक्षा अभियान की शुरुआत की गई है।

## उपेंद्र कुशवाहा ने छोड़ा नीतीश का साथ, जदयू से अलग होकर नई पार्टी के गठन का किया ऐलान

**पटना , एजेंसी ।** जेडीयू संसदीय बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का जनता दल युनाइटेड से नाता टूट चुका है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार से नाराज चल रहे उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को जदयू से अलग होकर अपनी नई पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी नई पार्टी का नाम राष्ट्रीय लोक जनता दल पार्टी रखा है।

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भी पुष्टि कर दी है कि उपेंद्र कुशवाहा का जेडीयू से कोई नाता नहीं है। उपेंद्र कुशवाहा ने आरोप लगाया कि जिन उद्देश्यों को लेकर वह जेडीयू में आए थे वह पूरा नहीं हो पाया। उपेंद्र कुशवाहा ने सीएम नीतीश पर अनदेखी का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि जेडीयू में जो भी लोग घुटन महशूस कर रहे हैं उनका नई पार्टी में स्वागत है।

मीडिया से बातचीत करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को राज्य चलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

जर्ज फर्नांडिंस के कारण नीतीश कुमार मुखिया बने थे। उस समय जनता तबाह थी। हमने बिहार की जनता को उस हालात से निकालने के लिए 10-12 साल तक संघर्ष चला। हम सब साथ रहे। बिहार को खौफनाक मंजर से निकालने में पूरी ताकत लगा दी।

कुशवाहा ने नीतीश कुमार की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि उस समय नीतीश जी ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन अंत भला तो सब भला होता है। बाद में अंत भला नहीं हुआ। आज जिस ओर नीतीश कुमार चल पड़े हैं, वो बहुत बुरा है। आज से नई शुरुआत होगी।

## असम में श्रद्धा जैसा हत्याकांड, महिला ने पति और सास के किए कई टुकड़े, 7 महीने बाद हुआ खुलासा

**गुवाहाटी एजेंसी, ।** गुवाहाटी में एक महिला ने कथित तौर पर अपने पति और सास की हत्या कर दी, उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर कुछ दिनों के लिए फ्रीजर में रख दिया और बाद में एक नदी में दें क दिया। यह घटना सात महीने पहले शहर के नूनमती इलाके में हुई थी, लेकिन आरोपी महिला द्वारा कथित तौर पर अपराध कबूल करने के बाद सोमवार को मामले का खुलासा हुआ।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपी बंदना कलिता ने कबूल किया कि उसने 17 अगस्त, 2022 को अपने दो दोस्तों की मदद से अपने पति अमरज्योति डे और सास शंकरी डे की हत्या कर दी।अधिकारी ने कहा, हत्याओं के बाद, कलिता ने पीडिघ्तों के शरीर के अंगों को एक रेफ्रिजरेटर में रख दिया और घर छोड़ दिया।

# भाजपा को बड़ी राहत, शराब नीति से खुश उमा भारती ने शिवराज की तारीफ की



**नई दिल्ली , एजेंसी।** मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा को सोमवार को राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के फ्रंट पर बड़ी राहत मिलती नजर आई। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और फायर ब्रांड हिंदू नेता की छवि वाली उमा भारती ने पिछले लंबे समय से राज्य की अपनी ही शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था जिससे कई बार पार्टी और सरकार के लिए असहज स्थिति भी बन गई थी।

लेकिन शिवराज सरकार की शराब नीति से गद्गद उमा भारती ने सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ करते हुए ट्वीट किया, मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद की कल सायंकाल हुई बैठक में हमारी सरकार के द्वारा घोषित की गई शराब नीति एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी निर्णय है, इसके लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मध्यप्रदेश के सभी नागरिकों खासकर के महिलाओं की तरफ से अभिनंदन।

शराब नीति के लिए मध्य प्रदेश को मडल स्टेट बताते हुए सिलसिलेवार कई ट्वीट कर उमा भारती ने कहा, शिवराज सिंह ने अपनी सरकार के इरादे स्पष्ट कर दिए कि जनहित हमारे लिए सर्वोपरि है। इस शराब नीति का यह बिंदु बहुत महत्वपूर्ण है कि जिन शराब की दुकानों के लिए भारी जन विरोध हुआ है उनकी नीलामी ही नहीं होगी।

हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा अपनी वचनबद्धता पूरी करने की बात कहने के साथ ही उमा भारती ने यह भी जोड़ा कि जब नई शराब नीति का क्रियान्वयन होगा तो सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को तथा पुलिस एवं प्रशासन को बहुत सजग रहना होगा।आपको बता दें कि कांग्रेस के दिग्विजय सिंह के दस वर्षों के शासनकाल को खत्म कर 2003 में उमा भारती मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थी लेकिन 2004 में उन्हें इस्तीफा देना पड़ा और तब भाजपा ने पहले बाबूलाल गौर और फिर शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। भाजपा को राज्य में लगातार तीन बार (2003, 2008 और 2013) विधान सभा चुनावों में जीत हासिल हुई लेकिन 2018 के पिछले विधान सभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा और कांग्रेस की तरफ से कमलनाथ मुख्यमंत्री बने। हालांकि कांग्रेस के दिग्गज नेता और राहुल गांधी के करीबी रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के कारण कमलनाथ सरकार गिर गई और 2020 में शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बने।राज्य में इसी वर्ष चुनाव होने हैं और भाजपा 2018 की तरह इस बार बहुमत हासिल करने से चूकना नहीं चाहती। पिछले महीने दिल्ली में हुई भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनाव में जीत हासिल करने के लिए पार्टी नेताओं को अति आत्मविश्वास से बचने और एकजुट होकर काम करने की नसीहत दे चुके हैं।

# हेट स्पीच मामले में चार्जशीट दाखिल की जाए : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को दिसंबर 2021 में गोविंदपुरी की धर्म संसद में दिए गए नफरत फैलाने वाले भाषणों के एक मामले में चार्जशीट कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सलिसिटर जनरल (एएसजी) के.एम. नटराज ने कहा कि मामले की जांच एडवांस स्टेज में है। नटराज ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ से कहा कि वे अभियुक्तों के वइस सैंपल पर एक फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस जल्द ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि एएसजी ने प्रस्तुत किया है कि जांच अब एक एडवांस स्टेज में है और वइस सैंपल की रिपोर्ट जल्द ही फोरेंसिक लैब से आने की उम्मीद है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, आरोप पत्र की एक कपी रिकर्ड में रखी जाए। मामला अप्रैल के पहले सप्ताह का है। जनवरी में, दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह 2021 में राष्ट्रीय राजधानी में एक धार्मिक सभा में दिए गए हेट स्पीच की निष्पक्ष जांच कर रही है और अब तक दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता, सुदर्शन न्यूज के प्रधान संपादक, हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों और अन्य लोगों से पूछताछ की है।

दिल्ली पुलिस के जांच अधिकारी ने एक हलफनामे में कहा कि दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता विक्रम बिधूड़ी से पूछताछ की गई और सुदर्शन न्यूज के प्रधान संपादक सुरेश चव्हाणके से 1 नवंबर, 2022 को पूछताछ की गई जो सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत थी। पुलिस ने कहा कि कथित हेट स्पीच वीडियो की जांच की गई है और प्रतिलेख तैयार किया गया है।

हलफनामे में कहा गया, दिल्ली के फरेंसिक साइंस लेबोरेटरी ने सुरेश चव्हाणके के वयस सैंपल की रिकर्डिंग के लिए 17.03.2023 की तारीख तय की है। उसके बाद उनके वयस सैंपल को यूट्यूब से डाउनलोड किए गए वीडियो/अडियो से मिलाया जाएगा, एमएलएटी की प्रक्रिया के माध्यम से वीडियो का विवरण प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें कहा गया है, मामले की जांच निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपात के की जा रही है।

कार्यकर्ता तुषार गांधी का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि पुलिस ने इस तरह के हेट स्पीच को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। 13 जनवरी को, सुप्रीम कोर्ट ने पांच महीने के अंतराल के बाद दिसंबर 2021 में गोविंदपुरी में धरम संसद में दिए गए कथित हेट स्पीच पर एफआईआर दर्ज करने और आज तक गिरफ्तारी या चार्जशीट दाखिल नहीं करने के लिए दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने पुलिस को बताया कि मामले की जांच में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। शीर्ष अदालत कथित अभद्र भाषा के मामलों में दिल्ली पुलिस द्वारा निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए गांधी द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## रेलवे का दुर्घटनाओं को रोकने के लिए देश में सघन जांच और सुरक्षा अभियान शुरू

**कोटा एजेंसी, ।** भारतीय रेलवे ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूरे देश भर में सघन जांच और संरक्षा अभियान शुरू करने का निर्णय किया है।

पश्चिमी-मध्य रेलवे के कोटा मंडल के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शुरू हुआ यह अभियान अगले एक महीने तक जारी रहेगा।

भारतीय रेलवे ने डिब्बों-इंजनों के पटरी से उतरने, सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे बोर्ड, जोनल रेलवे और डिवीजनों के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न सेक्शनों, लबी, रखरखाव केंद्रों, कार्यस्थलों आदि पर जाएं और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निर्धारित सुरक्षित परिचालन और रखरखाव प्रथाओं की जांच और लागू करने के लिए कार्य पद्धतियों की गहन समीक्षा करें।

## अमेरिका ने इजराइली बस्तियों के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में संभावित राजनायिक संकट को टाला

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** अमेरिका ने इजराइली बस्तियों के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में पैदा होने वाले संभावित राजनयिक संकट को टाल दिया। घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न राजनयिकों ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर रविवार को कहा कि फलस्तीनियों और उनके समर्थकों की ओर से संयुक्त राष्ट्र में एक विवादित प्रस्ताव पेश किया जाना था, जिसे अमेरिका ने पहले ही सफलतापूर्वक रोक दिया। इस प्रस्ताव में बस्तियों के विस्तार के लिए इजराइल की निदा की जानी थी और भविष्य में होने वाली गतिविधियों को रोकने की मांग की गई थी।

राजनयिकों ने कहा कि बाइडन प्रशासन इजराइल और फलस्तीनियों दोनों को समझाने में कामयाब रहा कि वे किसी भी एकतरफा कार्रवाई को छह महीने तक रोकने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो सकते हैं। राजनयिकों के अनुसार इसका मतलब इजराइल की कम से कम अगस्त तक बस्तियों का विस्तार नहीं करने की प्रतिबद्धता होगी।

उन्होंने कहा कि फलस्तीनी पक्ष के लिए इसका मतलब अगस्त तक संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय निकायों जैसे कि विश्व न्यायालय, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में इजराइल के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की प्रतिबद्धता होगी। राजनयिकों ने कहा कि प्रस्ताव पेश करने के बजाय संभवतरू सोमवार को प्रस्ताव के अनुरूप अध्यक्षीय बयान पारित किया जाएगा। अध्यक्षीय बयान को सुरक्षा परिषद के सभी 15 सदस्यों के समर्थन की जरूरत होती है, जिसके बाद यह सुरक्षा परिषद के रिकर्ड का हिस्सा बन जाता है, लेकिन इस पर अमल करने की कानूनी बाध्यता नहीं होती।

## ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, दोनो की मौत व बच्चे घायल

**सुल्तानपुर एजेंसी ।** सोमवार को वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया। पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पति ने अस्पताल मे दम तोड़ा। एसडीएम लंभुआ वंदना पांडेय ने मानवीय संवेदनाए दिखाते हुए दंपति के साथ मौजूद रहे दो बच्चों को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया।

# भाजपा का लक्ष्य 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में दुनिया के शिखर पर स्थापित करना : नड्डा

**उडुपी , एजेंसी ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कर्नाटक के उडुपी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और कर्नाटक की जनता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के प्रति समर्पित भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के गठन का आह्वान किया। ज्ञात हो कि नड्डा इस समय कर्नाटक के प्रवास पर हैं जहाँ वे कई सार्वजनिक और सांगठनिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। नड्डा ने कहा कि उडुपी भाजपा के लिए विशेष मायने रखता है। मैं उडुपी को नमन करता हूँ क्योंकि 1968 में दक्षिण में पहली बार उडुपी म्युनिस्पल काउंसिल में भाजपा का झंडा लहराया था। मैं इसे दक्षिण में भाजपा का गेटवे मानता हूँ। हम सब भाग्यशाली हैं कि आजादी के अमृतकाल में हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे यशस्वी नेतृत्व में काम करने का अवसर मिला है। हम सबको मिल कर 2047 में जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा, तब भारत को विकास के हर क्षेत्र में दुनिया के शिखर पर स्थापित करना है। नड्डा ने कहा कि मैं सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बारे में व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहता लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूँ कि कांग्रेस का मूल चरित्र डिविजन, करप्शन, कमीशन, नन-परफरमेंस और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखना है। जो पीएफआई राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में व्यस्त थी, जिसके लोग कानून-व्यवस्था को अपने हाथ में लेकर कर्नाटक में घूमते थे, जिन्होंने समाज में नफरत के बीज बोये, उस पीएफआई पर से कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने सैकड़ों केस वापस ले लिए।पिआईएफ के लगभग 1,600 लोगों को छोडने का काम कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने किया था। सिद्धारमैया ने अपनी सरकार में पीएफआई पर से लगभग 175 केस वापस लिए। ऐसा सिद्धारमैया जी ने केवल इसलिए किया ताकि कर्नाटक में शांति न रहे। कांग्रेस ने कर्नाटक में वोट बैंक की राजनीति की, समाज में विभाजन का पाप किया। कांग्रेस में कर्नाटक या देश को आगे बढ़ाने की सोच ही नहीं है और न ही उनमें इसकी मंशा है। कर्नाटक की शांति को भंग करने की साजिश कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने रची थी, यह एक तथ्य है। कर्नाटक की पूर्ववर्ती सिद्धारमैया सरकार पर हमला जारी रखते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सिद्धारमैया जवाब दें कि उन्होंने कर्नाटक में लोकायुक्त को क्यों हटाया? सिद्धारमैया इसका कभी भी जवाब नहीं देंगे क्योंकि उनकी पूरी की पूरी सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई थी, कहीं न कहीं करप्शन और कमीशन में भागीदार थी। कहा जाता है न कि चोर-चोर मौसेरे भाई।

# बेट्स, केर के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को हराया



पार्ल, सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स (56) और अमेलिया केर (66) के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां ग्रुप ए में श्रीलंका को 102 रन से रौंदकर महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ को रोमांचक बना दिया।

सूजी और अमेलिया ने दूसरे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की जो न्यूजीलैंड की ओर से टी20 विश्व कप में तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों की पारियों से टीम ने तीन विकेट पर 162 रन का स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब में श्रीलंका की टीम 15.5 ओवर में सिर्फ 60 रन पर ढेर हो गई। अमेलिया ने गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए सात रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि लिया ताहुहु ने 12 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

श्रीलंका की तरफ से सिर्फ कप्तान चामरी अटापट्टू (19) और मालशा शेहानी (10) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

श्रीलंका की टूर्नामेंट में यह दूसरी बड़ी हार है और उसकी पांच टीम के ग्रुप से सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद टूट चुकी है। इस जीत से सोफी डिवाइन की अगुआई वाली न्यूजीलैंड की टीम के नेट रन रेट में काफी इजाफा हुआ है और टीम अंक तालिका में आट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और सूजी ने सलामी बल्लेबाज बर्नाडिन बेजुइडेनहोट (32) के साथ पहले विकेट के लिए 5.4 ओवर में 46 रन जोडक़र टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। बर्नाडिन ने 20 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके मारे।

अचिनी कुलसूर्या (14 रन पर एक विकेट) ने बर्नाडिन को कप्तान के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

सूजी और अमेलिया ने इसके बाद मोर्चा संभाला और श्रीलंका की गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे।

श्रीलंका के क्षेत्ररक्षकों ने न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों को कुछ जीवनदान भी दिए। बर्नाडिन को दो जीवनदान मिले जबकि नीलाक्षी डिसिल्वा ने सूजी को आउट करने का आसान मौका गंवाया।

अमेलिया ने 40 गेंद में अपना पहला टी20 अर्धशतक पूरा किया जबकि सूजी ने भी अपना 24वां अर्धशतक जड़ा।

# बॉर्डर गावस्कर ट्राफी जीत के करीब भारत, तीसरा मैच होगा इंदौर में



इंदौर, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही बॉर्डर गावस्कर ट्राफी का दूसरा मैच भी भारत ने जीत लिया है। ये मैच दिल्ली में खेला गया था। जहां भारत ने दूसरे टेस्ट में जीतकर सीरीज में 2–0 की बढ़त बनाली है। वहीं ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में दो मैचों में हारने के बाद अब अगले दोनों मैचों को जीतना चाहेगा।भारत की पहली पारी में हालात देखकर तो यह अंदाजा लगाया जा रहा था की टीम ये मैच मुश्किल ही जीत पाएगी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 113 रन पर ही आलाआउट करने के बाद भारतीय टीम ने कमाल दिखाया और मैच को जीतकर अपने नाम कर लिया।इधर अब दोनों टीमां को इंदौर में तीसरा टेस्ट मैच खेलना है। अगर इस टेस्ट मैच में भारत जीत जाता है तो बॉर्डर गावस्कर ट्राफी भारत के नाम हो जाएगी और भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में क्वालीफाई कर जाएगा। जिसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# दूसरे टेस्ट में जीत से भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल क्वालीफिकेशन की उम्मीदें बढ़ी



दुबई, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में रविवार को एक और मोड़ आ गया जब भारतीय टीम आस्ट्रेलिया पर 7 विकेट की जीत से सात जून को ओवल में होने वाले फाइनल मैच के लिये स्थान पक्का करने के करीब पहुंच गई।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए लंबे प्रारूप में दो साल से तेज प्रतिस्पर्धा चल रही है और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट में उतार–चढ़ाव के बाद रोहित शर्मा की टीम ने तीसरे दिन बाजी मारी।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि डब्ल्यूटीसी में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें जून में होने वाले फाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी। इस नतीजे का मतलब है कि आस्ट्रेलिया और भारत अब भी इसके लिए दौड़ में सबसे आगे चल रही हैं।

आस्ट्रेलिया हार के बावजूद तालिका में 66.67 प्रतिशत से शीर्ष पर है जबकि भारत ने दिल्ली टेस्ट में मिली जीत से खुद के और तीसरे स्थान की टीम के बीच अंतर बढ़ा दिया है और उसका प्रतिशत 64.06 प्रतिशत हो गया है। दिल्ली में दूसरे टेस्ट के नतीजे से फाइनल के लिये पहुंचने के लिये दौड़ में बनी टीमें चार से तीन हो गयी हैं।दक्षिण अफ्रीका इस दौड़ से बाहर हो गया है, वह शीर्ष दो में पहुंचने के लिये जरूरी प्रतिशत अंक की पहुंच से बाहर हो गया है। इससे चुनौती देने वाली एकमात्र टीम श्रीलंका है जिसके 53.33 प्रतिशत अंक हैं।श्रीलंका को अगले महीने न्यूजीलैंड में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है और अगर उसे क्वालीफाई करने की उम्मीद रखनी है तो उसे दोनों मैच जीतने होंगे।

## परिवार के सदस्य की बीमारी के कारण स्वदेश लौटे कमिंस

नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस नई दिल्ली में दूसरे टेस्ट के बाद 'परिवार के सदस्य की गंभीर बीमारी के कारण भारत दौरे से स्वदेश लौट गए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार कमिंस सिडनी लौट रहे हैं और इंदौर तथा अहमदाबाद में बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो मुकाबलों के लिए उनके भारत वापस लौटने की उम्मीद है।भारत ने रविवार को दूसरा टेस्ट तीन दिन के भीतर जीत लिया जिससे दोनों टीम को कुछ दिन का अतिरिक्त ब्रेक मिला। इंदौर में तीसरा टेस्ट एक मार्च से शुरू होगा। अहमदाबाद में चौथा टेस्ट नौ मार्च से खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया को 17 मार्च से तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी खेलनी है।

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज अब तक दौरे पर भारतीय स्पिनरों के खिलाफ नाकाम रहे हैं और उनकी नजरें आगामी दो मैच में वापसी पर टिकी हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की वनडे टीम घोषित

नईदिल्ली, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। जिसकों लेकर बीसीसीआई ने टीम की घोषणा कर दी। पहले वनडे मैच में रोहित शर्मा को आराम दिया गया है और हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया गया है। वहीं बाकी दो मैचों में रोहित शर्मा ही टीम के कप्तान होंग।

सीरीज के तीनों वनडे मैच

भारतीय टीम को टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने ही घर में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी

पहला वनडे मैच 17 मार्च को मुंबई

दूसरा वनडे मैच 19 मार्च को विशाखापट्टनम

तीसरा वनडे मैच 22 मार्च को चेन्नई में



वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल और जयदेव उनादकट, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल।

# फिल्मी सफर

## पीरियड रोमांस द प्लेबैक सिंगर में निर्देशन और अभिनय करेंगे चंदन रॉय सान्याल




कमीने, आश्रम और अन्य जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जाने जानेवाले अभिनेता चंदन रॉय सान्याल पटना में स्थापित एक पीरियड रोमांस द प्लेबैक सिंगर नामक आगामी फिल्म में निर्देशन और अभिनय करने के लिए तैयार हैं। फिल्म में चंदन की आश्रम की सह–कलाकार अनुप्रिया गोयनका और परमानेंट रूममेट्स फेम निधि सिंह भी हैं।फिल्म, जो तीन कैरेक्टर्स और उनके संघर्षों की यात्रा पेश करेगी, एक लडक़ी और उसकी मधुर दुनिया के बारे में एक उदासीन और अभिनव कहानी है जो उसकी आकांक्षा को प्रेरित करती है, जिस आदमी से वह प्यार करती है, जो दोस्त वह जीवन के लिए बनाती है, गाने जो उसे बनाते हैं एक आइकन और भाग्य के मोड़ जो अंततः उसके जीवन को परिभाषित करते हैं।चंदन ने द प्लेबैक सिंगर के बारे में बात करते हुए कहा, यह परियोजना वर्षों से मेरे सिर में है और फिर कुछ और कागजों पर है। यह मेरे दिल के बहुत करीब है और जब तक मैं आश्वस्त नहीं हो जाता तब तक मैं इसे अपने दिमाग में बिल्कुल स्पष्ट देखना चाहता था। यह एक पीरियड पीस है इसलिए प्री–प्रोडक्शन बहुत भारी है, यह शोध का नेतृत्व करता है।फिल्म का निर्माण लोनस्टार फिल्म्स और चंदन रॉय सान्याल मोशन पिक्चर कंपनी कर रही है। फिल्म साल की दूसरी छमाही तक फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। निर्देशक को अपनी तकनीकी टीम पर गर्व है। चंदन ने कहा, मेरे पास इसे फ्लोलेस बनाने के लिए एक बहुत मजबूत तकनीकी टीम है।जब मैंने लोनेस्टार से पंकज और देवांश को कहानी सुनाई तो उन्होंने शोध के पहलू पर पूरी तरह से मेरा समर्थन किया। यह प्यार का श्रम है और इसे बहुत गर्मजोशी के साथ परोसा जाएगा।

## सामने आया रानी मुखर्जी की नई फिल्म का मोशन पोस्टर



बॉलीवुड की बेहतरीन और सुपरहिट एक्ट्रेस रानी मुखर्जी कुछ वक्त से सिनेमा से दूर ही थी। वह जल्द ही मूवी मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे में दिखाई देने वाले है। हाल ही में मूवी का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया। साथ ही, फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी घोषणा की है। दरअसल, मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे को लेकर फिल्म क्रिटिक्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे का मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। इस पोस्टर में रानी मुखर्जी एक बच्चे को गोद में लिए हुए दिखाई दी और दूसरा बच्चा उनके बराबर में खड़ा है। सोशल मीडिया पर रानी मुखर्जी का यह लुक वायरल होने लगा है। इस मोशन पोस्टर को साझा करते हुए मूवी के ट्रेलर रिलीज डेट को लेकर भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि फिल्म का ट्रेलर 23 फरवरी को रिलीज किया जाने वाला है। खबरों का कहना है कि फिल्म का निर्देशन आशिमा छिब्बर ने किया है। मूवी में रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह मूवी सिनेमाघरों में 17 मार्च को रिलीज होने की उम्मीद है। रानी मुखर्जी काफी वक्त से बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए है।

## जल्द ही लॉकअप–2 लेकर आने वाली है कंगना, दिखाई देंगे बिग बॉस 16 के कई कंटेस्टेंट



बीते वर्ष शुरु हुआ एकता कपूर का कैप्टिव रियलिटी शो लॉक अप अब भी चर्चाओं का विषय बना हुआ है। शो में कई विवादित चेहरों को लाया गया था। इसमें पुनम पांडे, अंजली अरोड़ा, पायल रोहतांगी और मुनव्वर फारुकी जैसे कई कलाकार दिखाई दिए। शो की होस्ट कंगना रनौत थी। 100 दिन चलने वाले इस शो को दर्शकों की तरफ से बहुत पंसद भी किया जा चुका है। इसके उपरांत अब इसका सीजन 2 लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। बीते सीजन की तरह ये सीजन और भी धमाकेदार होने वाला है क्योंकि इस बार बिग बॉस 16 के तीन महारथी कंटेस्टेंट्स को शो के लिए इन्वाइट किया गया था। खबरों का कहना है कि, लॉक अप सीजन 2 में बिग बॉस 16 के शिव ठाकरे, अर्चना गौतम और सौंदर्या शर्मा दिखाई देने वाले है। अभी मेकर्स और तीनों के मध्य बातचीत चल रही है। हालांकि, कहा जा रहा है कि अर्चना गौतम ने शो के लिए हामी भी भर चुके है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है तो हमे, एक बार फिर ये तीनों कंटेस्टेंट्स शो में देखने को मिलेंगे।खबरों का कहना है कि लॉक अप सीजन 2 को मार्च में शुरु करने की उम्मीद है। बीते सीजन की तरह इस बार भी कंगना ही शो को होस्ट करने वाली है। बीते सीजन को स्टेंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी ने जीता था। फर्स्ट रनअप सोशल मीडिया सेंसेशन अंजली अरोड़ा थी।

## रुचि सिंह बोल्ड सीन के लिए प्रोजेक्ट को रिजेक्ट करने में नहीं रखतीं विश्वास



संतोषी मां सुनिए व्रत कथाएं 2 और विघ्नहर्ता गणेश जैसे पौराणिक धारावाहिकों में नजर आ चुकीं अभिनेत्री रुचि सिंह का कहना है कि वह अब अलग–अलग तरह की भूमिकाएं करने में दिलचस्पी रखती हैं और उन्हें इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि, किरदार की डिमांड हो तो बोल्ड सीन करें। रुचि ने कहा, मुझे लगता है कि अभिनय एक ऐसा पेशा है, जहां आपको किसी भी तरह की भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना होता है, चाहे वह नकारात्मक, सकारात्मक या रोमांटिक हो। इस पेशे में होने के नाते, मैं अपने पर सीमाएं नहीं लगा सकती। आजकल बहुत सारे अच्छे प्रोजेक्ट हैं जो बोल्ड ध्श्यों की मांग करते हैं इसलिए, मैं किसी प्रोजेक्ट को केवल इसलिए अस्वीकार करने में विश्वास नहीं करती क्योंकि इसमें एक क्लोज–प्रॉक्सिमिटी सीन है।

उन्होंने आगे कहा, अगर मुझे लगता है कि ध्श्य पटकथा और कहानी को सही ठहराता है और यदि यह दृश्य को बढ़ाता है, तो मैं इसे करना पसंद करूंगी। मेरे लिए, हर दृश्य करना मेरे काम का एक हिस्सा है, चाहे वह नशे का ध्श्य हो या बोल्ड ध्श्य और मुझे इसमें कुछ भी नकारात्मक नहीं लगता।

अंत में, वह साझा करती है कि वह किसी भी भूमिका या दृश्य को लेने के लिए तैयार है यदि यह स्क्रिप्ट की मांग है और सौंदर्यपूर्ण ढंग से शूट किया गया है।

## मुग्धा गोडसे, ओम् पूरी स्टारर हिंदी फ़िल्म खेला होबे का ट्रेलर रिलीज़

अभिनेत्री मुग्धा गोडसे और स्वर्गीय अभिनेता ओम पुरी स्टारर, निर्देशक सुनील सी सिन्हा की फ़िल्म खेला होबे रिलीज के लिए तैयार हैं फ़िल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया हैं। फ़िल्म अग्रणी सिनेमा टेक्नोलोजी कम्पनी यूनाइटेड मीडिया वर्क्स ( यूएमडबल्यू ) फ़िल्म को 24 फ़रवरी को पूरे देश के सिनेमागृह में रिलीज करेगी.

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चुनावी नारे खेला होबे को पूरे देश में सुर्खियां मिली थी अब इस राजनीतिक स्लोगन पर एक हिंदी फ़िल्म रिलीज़ के लिए तैयार हैं। फिल्म का ट्रेलर निर्माता कुमारी मंजू के द्वारा सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया। फिल्म की कहानी और संवाद रवि कुमार ने लिखे हैं और निर्मात्री कुमारी मंजू हैं।फ़िल्म में केंद्रीय भूमिका में मुग्धा गोडसे नजर आएंगी। ओम् पूरी फिल्म में फरिक़ भाई के किरदार में नजर आयंगे। एक ऐसा नेता जो पिछले कई सालो चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन हर बार सिर्फ़ हार हाथ लगती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि जनता का उन्हें भरपूर समर्थन हैं और उन्हें चुनाव के मैदान में हार नहीं माननी चाहिए। पिछले दिनों फ़िल्म के सेंसर शो के बाद उनके एक संवाद पर सेंसर ने आपत्ति के चलते फिल्म से बाहर कर दिया गया हैं।निर्देश-ाक सुनील सी सिन्हा फ़िल्म के बारे में बताते हैं खेला होबे एक राजनीतिक और सामाजिक ताने बाने से बना ड्रामा हैं ओम् पूरी के किरदार में एक कम्युनिटी लीडर की इमेज हैं तो दूसरी तरफ़ थोड़ा हास्य भी है। यह फिल्म उनके चाहनेवालो के लिए एक बार फिर ओम् पूरी को बड़े पर्दे पर देखने का अवसर देगी। फिल्म में मुग्धा गोडसे के साथ ही रति अग्निहोत्री, मनोज



जोशी की भी महत्वपूर्ण भूमिका हैं।आशीष भंडारी और सचिन भंडारी को–फाउंडर एंड ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, यूनाइटेड मीडिया वर्क्स ने कहा कि स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं को फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने में बहुत मुश्किल होती है और बाज़ार के स्थापित प्लेयर्स के बीच में खुद को मुश्किल हैं खेला होबे के साथ हम फिल्म के बारे में अच्छी जागरूकता के साथ–साथ सिनेमाघरों में फिल्म को रिलीज करने के किफायती तरीके के लिए एक समाधान तैयार कर रहे हैं और फ़िल्म को टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज कर रहे हैं ।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com